नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 252 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8



पेज -4 पर राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने सखी वन स्टॉप सेंटर का किया...



धरमजयगढ़, शुक्रवार 7 जुलाई 2023



सैकड़ों संविदा कर्मियों ने गवाई कोरोना काल में अपनी जान, नहीं मिल पाई उनके परिवार... पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया ने एम्स में किया सीसीएचबी का शिलान्यास

### मोदी के नेतृत्व में बदल रहा देश- मांडविया

**रायपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया एम्स में CCHB के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए. कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, सांसद सरोज पांडे भी शामिल हुए. मीडिया को जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में देश बदल रहा है. देश आगे बढ़ रहा है. हेल्थ सेक्टर में भी बहुत आमूलचूल परिवर्तन हो रहा है। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने कहा, प्रधानमंत्री ने कहा है कि कोई भी देश को समृद्ध होना है तो जरूरी है देश के नागरिक स्वस्थ रहे. स्वस्थ नागरिक स्वस्थ समाज का निर्माण करेगा. स्वस्थ समाज समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है. कोविड के दरमियान हमने बहुत कुछ सीखा है. देश में प्राइमरी हेल्थ सेक्टर में काम करने के लिए 16 सौ से अधिक हेल्थ एंड अवेंजर्स कार्यक्रम रखे हैं. सेकेंडरी केयर के लिए डिस्टिक और हर डिस्ट्रिक्ट में मेडिकल कॉलेज बनने का काम तेज गति से चल रहा है।

उन्होंने कहा, वैसे ही आज देश में 16 एम्स का काम कार्य निर्माण पूरा हो चुका है और कई एम्स का कार्य चल रहा है. कोविड-19 जब आया उस वक्त मोदी जी ने निर्णय किया कि देश में हेल्थ सेक्टर में खर्च कर किया जाएगा. आज रायपुर में एम्स में खर्च से 100 करोड़ यूनिट का किया है. यूनिट में 100 से अधिक ऑक्सीजन फैसिलिटी होगी.

उन्होंने कहा, जब देश में और हमारे क्षेत्र में कोई भी हेल्थ एजेंसी हो जाती है ऐसी स्थिति में हमें काम में आएगा. जब इमरजेंसी नहीं होगी ऐसी स्थिति में और लोगों के लिए उपयोग में आ सकता है. इसी उद्देश्य से के तहत 750 डिस्टिक में का खर्च किया जाएगा. 100 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा. रायपुर में सुविधा युक्त CCHB रायपुर, छत्तीसगढ़ के लिए उपयोगी होगा।

## कैबिनेट में नियमितीकरण पर फैसला नहीं होने से संविदाकर्मी निराश

### जन घोषणा पत्र की प्रति जलाकर जताया विरोध

**रायपुर।** नियमितीकरण की आस लगाए संविदाकर्मियों को गुरुवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक से निराशा हाथ लगी है. कैबिनेट का फैसला नहीं आने पर कई जिलों में संविदा कर्मियों ने जन घोषणा पत्र की प्रतियां जलाकर अपना विरोध प्रदर्शित किया, वहीं आने वाले समय में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

कैबिनेट में नियमितीकरण पर फैसला नहीं लिए जाने पर संविदाकर्मियों ने रायपुर के प्रमुख स्थलों में आमजन और कार्यालय में जाकर जनघोषणा को पढ़कर सुनाया, इसके साथ ही प्रतियां वितरित की गई. इसके साथ कर्मचारी ने सड़कों पर आकर अब आंदोलन में सहयोग एवं समर्थन के लिए आमजन से अपील की.

बता दें कि 3 जुलाई से छत्तीसगढ़ के 54 विभागों में कार्यरत लगभग 45,000 संविदा कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए हैं. महासघ के प्रांत अध्यक्ष कौशलेश तिवारी ने बताया कि सरकार के पौने पांच साल बीत जाने के बाद भी नियमितीकरण पर निर्णय नहीं लिया जाना दुखद है।

## डिप्टी सीएम का स्वागत

### कैबिनेट में सीएम भूपेश ने ऐसे किया उप मुख्यमंत्री सिंहदेव का स्वागत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में राज्य कैबिनेट की बैठक शुरू हो गई है। डिप्टी सीएम बनने के बाद पहली बार कैबिनेट की बैठक में पहुंचे टीएस सिंहदेव का मुख्यमंत्री बघेल ने बुके देकर किया स्वागत किया। सीएम के साथ ही कैबिनेट के बाकी सदस्यों ने भी सिंहदेव का अभिवादन किया। बताते दें कि जून में दिल्ली में हुई प्रदेश कांग्रेस की उच्च स्तरीय बैठक में सिंहदेव को डिप्टी सीएम बनाने का फैसला हुआ था।

## राज्यपाल हरिचंदन से नवाचार आयोग के अध्यक्ष ने की भेंट

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में राज्य नवाचार आयोग के अध्यक्ष विवेक ढांड ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने आयोग की गतिविधियों के संबंध में राज्यपाल को जानकारी दी और उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। राज्यपाल ने श्री ढांड से कहा कि नवाचार आयोग का गठन एक अच्छी पहल है। आम जनता का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए नवाचार के माध्यम से जनहितकारी योजनाएं बनाई जाएं।

## रिटायर्ड आईएएस दिलीप वासनीकर का बढ़ा कार्यकाल

**रायपुर।** राज्य सरकार ने रिटायर्ड आईएएस दिलीप वासनीकर को संविदा नियुक्ति दी है. उन्हें विभागीय जांच आयुक्त के रूप में एक साल की सेवावृद्धि दी गई है. रिटायरमेंट के बाद जुलाई 2020 में उन्हें विभागीय जांच आयुक्त बनाया गया था. इसके बाद उन्हें जुलाई 2022 में एक साल की सेवा वृद्धि दी गई थी. 5 जुलाई को उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा था. उन्हें एक साल की और सेवा वृद्धि दी गई है. इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है।

## एक नजर

### केपीएस के छात्रों में झगड़ा

## बस में सीट को लेकर बहस मारपीट तक पहुंची

### एक छात्र को कई छात्रों ने मिलकर बुरी तरह पीटा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में केपीएस स्कूल के दो छात्रों आदित्य खारी और संभव जैन के बीच बस में बैठने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि, संभव ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर आदित्य पर जानलेवा हमला कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि, संभव ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर आदित्य पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे

आदित्य बुरी तरह घायल हो गया है। उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। डाक्टर ने चोट पर आठ टांके लगाए हैं। शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, आदित्य और संभव केपीएस स्कूल में पढ़ते हैं। रोज की तरह आदित्य आज भी स्कूल गया। वहां दोनों के बीच किसी बात पर विवाद हुआ। लौटते समय फिर से बस में संभव उसे अपशब्द कहने लगा जिसके बाद विवाद इतना बढ़ा कि, बात मारपीट पर आ गई। संभव ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर आदित्य के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद आदित्य ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## उरकुरा चोरी का खुलासा, वकील और पप्पू नाम से मशहूर बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोने और चांदी जेवरात चोरी करने वाले 2 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक प्रभात शंकर मिश्रा ने थाना खमतराई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अशोक विहार खमतराई में सपरिवार निवास करता है।

प्रार्थी के जीजा अशोक कुमार पाण्डेय जो अपने परिवार सहित वार्ड नंबर 16 शक्ति पारा उरकुरा में रहते है, कि प्रार्थी के जीजा सपरिवार दिनांक 24.06.23 को अपने घर में ताला लगाकर पारिवारिक सगाई कार्यक्रम में गाजीपुर उत्तरप्रदेश गये थे।

## डायबिटीज के मरीजों को होगा फायदा

रायपुर। इस भागदौड़ की जिंदगी में ज्यादातर लोग अपने दिनचर्या और शरीर को वह जरूरी आहार नहीं दे पाते. जिसकी वजह से हमारे शरीर में कई तरह की बीमारियां जन्म लेने लगती है.

## आईआईटी भिलाई के वैज्ञानिकों ने किया स्मार्ट इंसुलिन का अविष्कार

उन्हीं बीमारियों में से एक बीमारी डायबिटीज है. डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जिससे राहत पाने के लिए हर 12 घंटे में इंसुलिन लेने की जरूरत पड़ती है. लेकिन आईआईटी भिलाई के वैज्ञानिकों ने ऐसा आविष्कार किया है. जिससे अब डायबिटीज के मरीजों को 12 घंटे में नहीं बल्कि 2 दिनों के अंतराल में इंसुलिन ले सकेंगे. इस इंसुलिन का नाम है स्मार्ट इंसुलिन

### डायबिटीज के मरीजों को निर्भर रहना पड़ता है, इंसुलिन पर

आधुनिक जीवनशैली को देखते हुए डायबीटीज के खतरे को कम करके नहीं आंका जा सकता. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार डायबीटीज, लोगों कि मौत का प्रमुख कारणों में से एक हो सकता है और आने वाले दशकों में यह एक वैश्विक महामारी बन सकती है. टाइप 1 और उन्नत चरण के टाइप 2 डायबीटीज के सभी मरीज ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने के लिए इंसुलिन पर निर्भर रहते हैं. एक हार्मोन जो आम तौर पर अग्न्याशय द्वारा स्रावित होता है. अक्सर यह

इंजेक्शन के माध्यम से किया जाता है जिसे रोजाना लगाने की आवश्यकता होती है.

### आईआईटी भिलाई के वैज्ञानिकों ने स्मार्ट इंसुलिन का किया आविष्कार

यह प्रक्रिया रोगी के लिए असुविधाजनक और दर्दनाक है और इससे हाइपोग्लाइसीमिया या लो ब्लड शुगर लेवल का खतरा भी होता है, जो घातक हो सकता है. आईआईटी भिलाई के रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. सुचेतन पाल के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने शिव नादर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर 'स्मार्ट इंसुलिन' विकसित करने पर काम किया है. यह फॉर्मूलेशन जैव प्रचुर सामग्रियों से विकसित किया गया है और इसने डायबीटीज के उपचार में काफी सफल संभावनाएं दिखाई हैं.

### जानिए स्मार्ट इंसुलिन की खासियत

इस अध्ययन में विकसित सामग्री दो दिनों के लिए इंसुलिन जारी करती है. जबकि नियमित इंसुलिन 12 घंटे तक काम करता है. वहीं मानव परीक्षण में जाने से पहले इसे डायबीटिक चूहों में परीक्षण कर के देखा गया था. यदि मानव परीक्षण सफल होता है. तो रोगियों के इंसुलिन इंजेक्शन की आवृत्ति कम हो जाएगी और उनके स्वास्थ्य में सुधार की संभावना होगी. इस आशाजनक फॉर्मूलेशन का मूल्यांकन कम लागत और लंबे समय तक काम करने वाले इंसुलिन और मनुष्यों में संभावित कृत्रिम अग्न्याशय के लिए किया जाएगा. यह शोध आईआईटी भिलाई, एचडीएफसी-सीएसआर अनुदान, डीएसटी और डीबीटी इनोवेटिव यंग बायोटेक्नोलॉजिस्ट अवार्ड द्वारा किया गया है.

### कांग्रेस ने पीएम मोदी के दौरे के पहले दागे 21 सवाल

## कांग्रेस ने पूछा-9 सालों में 18 करोड़ रोजगार कहां है

**रायपुर।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे पर प्रदेश और देश ज्वलंत विषयों पर 21 सवाल पूछा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की ओर से पूछे गये सवालों को प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने पत्रकार वार्ता कर मीडिया के समक्ष रखा, 9 साल का रिकार्ड है प्रधानमंत्री मोदी जी सवालों के उत्तर तो नहीं देते है लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से हम प्रधानमंत्री से इन सवालों को पूछना चाहते है। प्रधानमंत्री जी आपने 2014 में देश की जनता से अच्छे दिन लाने का वायदा किया था लेकिन आपका कार्यकाल

देश का सबसे बदहाल शासनकाल साबित हुआ। देश की अर्थव्यवस्था तबाह है बेरोजगारी चरम पर है, संस्थागत भ्रष्टाचार से सरकारी तंत्र कमजोर हो गया। देश की जनता को आप से इन सवालो के जवाब की अपेक्षा है।

### भूपेश बघेल कैबिनेट में लिए गए अहम फैसले

## बिरनपुर के पीड़ित परिवार को मिलेगी सरकारी नौकरी, नगरीय निकायों के शुल्क में की गई कटौती

**रायपुर।** मानसून सत्र के पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कैबिनेट की गुरुवार को अहम बैठक हुई. वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय कर्मचारियों के डीए 5 प्रतिशत वृद्धि, बिरनपुर के पीड़ित परिवार को नौकरी के साथ 29 बिंदुओं पर फैसला लिया गया है।

### कैबिनेट की बैठक में 29 बिंदुओं का फैसला

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के शासकीय कर्मचारियों को बड़ी सौगात देते हुए मंहगाई भत्ते (डीए) में 5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. इससे राज्य सरकार को प्रति वर्ष एक हजार करोड़ रूपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। शासकीय कर्मचारियों को एक और सौगात देते हुए राज्य सरकार द्वारा पूर्ण पेंशन की पात्रता अवधि को 33 वर्ष से घटाकर 30 वर्ष कर दिया है साथ ही स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति हेतु अर्हतादायी सेवा की अवधि को 20 वर्ष से घटाकर 17 वर्ष कर दिया गया है. प्रथम अनुपूरक अनुमान वर्ष 2023 2024 के उपस्थापना हेतु छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

बस्तर और सरगुजा संभाग में शिक्षकों के रिक्त 3722 एवं सहायक शिक्षकों के 5577 पद भरने के लिए भर्ती नियम को शिथिल करते हुए स्वीकृत सेटअप में विषयवार पदों की भर्ती की बाध्यता को हटाए जाने का निर्णय लिया गया।

### राजनीति... अमित शाह ने बैठक में दिया जीत का मंत्र, संगठन में उत्साह

## नेताओं ने कहा- पूर्ण बहुमत के साथ बनाएंगे सरकार

रापयुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक खत्म हो गई. जिसके बाद शाह दिल्ली रवाना हो गए. बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने बताया कि पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ चर्चा हुई है.

निश्चित रूप से केंद्रीय मंत्री का मार्गदर्शन जो प्राप्त हुआ, जो चर्चाएं हुई हैं, लगातार लंबी बैठक हुई हैं, बहुत विस्तार से छत्तीसगढ़ के राजनीतिक परिस्थिति के बारे में बातचीत हुई है. हम सब उत्साहित हैं. निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी उनके बताए हुए दिशा निर्देश पर चलकर छत्तीसगढ़ में सरकार बनाएगी। साव ने कहा कि राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का एक पूरा रोड मैप, पूरा प्लान इस बैठक में हमने तैयार किया है. इसे लेकर रात में भी बैठक हुई और फिर सवेरे भी मीटिंग ली गई. बैठक का सारा सार यही है कि हम सब लोग पूरी ताकत से लड़ेंगे और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाएंगे.

प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने बताया कि चुनावी रणनीति समेत हर विषय की तैयारी को लेकर ये बैठक हुई थी. इसीलिए केंद्रीय गृहमंत्री और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रायपुर आए थे. उनके नेतृत्व में आगामी चुनाव को देखते हुए रोड मैप तैयार कर जीत की दिशा में काम किया जा रहा है। वहीं नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कल रात में और आज हम सब का सौभाग्य था कि देश के गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के बहुत वरिष्ठ नेता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह बैठक लेने के लिए रायपुर पहुंचे. उनके आने से एक नए उत्साह का संचार हम सभी लोगों में हुआ है. बैठक में चुनाव प्रबंधन को लेकर चर्चा हुई. सब ने सुझाव भी दिए हैं. छत्तीसगढ़ में जो सरकार है, जो अन्याय अत्याचारी सरकार है, उसे हटाना है. आगामी चुनाव को लेकर हमारी व्यापक तैयारी है. पूर्ण बहूमत के साथ छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बन रही है.

## पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी के साथ उसके दामाद के ठिकानों पर एसीबी की दबिश

### सुबह से खंगाल रही है दस्तावेज

**जगदलपुर।** एंटी-करप्शन ब्यूरो (ACB) की टीम ने गुरुवार को अलसुबह छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी के कांकेर जिले के दुर्गुकोंदल स्थित निवास के अलावा दरभा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश उपाध्याय के निवास पर छापा मारा है. राजेश उपाध्याय आय से अधिक मामले में गिरफ्तार किए गए अशोक चतुर्वेदी के दामाद हैं। एंटी-करप्शन ब्यूरो की टीम सुबह से ही अशोक चतुर्वेदी और राजेश उपाध्याय के निवास में छापा मारकर दस्तावेजों की तलाश कर रही है. टीम के साथ सुरक्षा दस्ता भी मौजूद है, जो किसी भी दूसरे को आने-जाने से रोक रही

है. राजेश उपाध्याय मूलतः पंडरीपानी स्कूल में व्याख्याता हैं, जिन्हें बीईओ का प्रभार दिया गया है। दरभा बीईओ राजेश उपाध्याय के ठिकानों पर छापा मारने के लिए सुबह से पहुंची एसीबी की टीम. वहीं पंचायत विभाग में पदस्थ अशोक चतुर्वेदी पाठ्य पुस्तक निगम में प्रतिनियुक्ति पर हैं. उनके खिलाफ 4 मामले दर्ज हैं, इनमें पाठ्यपुस्तक निगम में ग्रीन बोर्ड के टेंडर के नाम पर अपने बेटे को फायदा पहुंचाने, फर्जी दस्तावेज़ों के आधार पर टेंडर पास करवाने का मामला और कमेटी को गुमराह करके ठेकेदार को फ़ायदा पहुंचाने का मामला शामिल है. इसके अलावा अनुपातहीन संपत्ति का मामला दर्ज है. एसीबी की टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे अशोक चतुर्वेदी को बीते दिनों आँध्रप्रदेश के गुंटूर जिले से गिरफ्तार किया था.

# समान नागरिक अधिकारों के पक्ष में, समाज के व्यापक हित के लिए जरूरी है यह पहल

संविधान के अनुच्छेद 44 में देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाने की बात कही गई है। इसमें सरकार से अपेक्षा की गई है कि वह धर्म, जाति, क्षेत्र, भाषा आदि की परवाह किए बगैर सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाए। ऐसी व्यवस्था बनाए, जो मानवीय गरिमा का सम्मान करता हो, उसे सुरक्षा बोध दे और सभ्य समाज के मानकों पर खरा उतरे। दुर्भाग्यवश अनुच्छेद 44 की इस पवित्र मंशा को आगे बढ़ाने के बजाय हमने उस पर तार्किक बहस किए बगैर उसे सांप्रदायिक रूप देकर अछूत बना दिया। सुप्रीम कोर्ट का आग्रह बेकार चला गया और अदालत के निर्देशों की हेठी की गई। यह दस्तूर आज भी कायम है।

वैसे तो हमारे देश में अधिकतर मामलों में सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून लागू होता है। जमीन की खरीद-फरोख्त, किरायेदारी व दीगर दीवानी मामले में आजादी के पहले से ही एक जैसा कानून लागू है। पर विवाह, उत्तराधिकार, वसीयत, दत्तक ग्रहण जैसे मामलों में अलग-अलग संप्रदायों के लिए अलग-अलग कानून रहे हैं। संविधान निर्माताओं ने महसूस किया कि विवाह और भरण-पोषण से जुड़े मामलों का संबंध किसी पूजा-पद्धति से नहीं है, बल्कि इनका संबंध इंसानियत से है। निस्संतान व्यक्ति यदि किसी बच्चे को गोद लेकर अपनी वंश परंपरा आगे बढ़ाना चाहता है या उससे उसे सुरक्षा बोध का एहसास होता है, तो इससे किसी पूजा-पद्धति की अवमानना कैसे हो सकती है? यदि किसी कानून से किसी महिला को सामाजिक सुरक्षा मिलती है या पति से अलग होने या पति के नाराज होने के बाद दर-ब-दर भटकने के बजाय उसके लिए गुजारे-भत्ते की व्यवस्था की जाती है, तो इसमें धर्म कहां से आड़े आता है। महिला-पुरुष के वैवाहिक संबंधों में यदि समानता सुनिश्चित की जाती है, तो यह किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्म नहीं, बल्कि गर्व का विषय होना चाहिए।

आजादी के बाद इस दिशा में सकारात्मक पहल की गई। समानता के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए पारंपरिक हिंदू विवाह विधि में व्यापक परिवर्तन किए गए। पहले हिंदू पुरुष एक से अधिक शादियां कर सकता था, जिस पर हिंदू विवाह अधिनियम के जरिये प्रतिबंध लगा दिया गया। विवाद की स्थिति में पति-पत्नी को विवाह विच्छेद करके सम्मान पूर्वक एक-दूसरे से अलग रहने का अधिकार दिया गया। महिलाओं को भरण-पोषण का

सभी नागरिकों के मानवाधिकारों की रक्षा करने, मानवीय गरिमा का सम्मान करते हुए उन्हें सुरक्षा बोध कराने और सभ्य समाज के मानकों पर खरा उतरने के लिए समान नागरिक संहिता जरूरी है। अतः समाज के व्यापक हितों के मद्देनजर पंथनिरपेक्ष हितचिंतकों को इस दिशा में पहल करने की जरूरत है।

अधिकार दिया गया। पिता की संपत्ति में बेटियों को भी अधिकार देने की शुरुआत हुई। संतान गोद लेने के मामलों में भी पति के एकाधिकार को तोड़ते हुए महिलाओं के अधिकार को सुनिश्चित करने की कोशिश की गई। हिंदू कानून में किए जाने वाले ये सुधार दूसरे संप्रदायों में पहले से ही थे। मसलन, मुस्लिम कानून में बेटियों का उत्तराधिकार पहले से ही था। ईसाई कानून में पहले भी पुरुष को एक ही पत्नी रखने का अधिकार था। हिंदू कानून में किए गए सुधारों में मानवाधिकारों और समानता के सिद्धांतों को तरजीह दी गई। पर वोट बैंक खिसकने की स्वार्थी सोच के कारण दूसरे समुदायों में ऐसा नहीं हो सका और उन्हें लगातार बेहतर होने के मौके से वंचित रखा गया। संविधान का अनुच्छेद 44 और अदालतों के कई निर्देश भी इस सोच पर बेअसर रहे।

आधुनिक सोच का लाभ केवल हिंदुओं तक ही सीमित न रहे और वह दूसरे मतावलंबियों को भी हासिल हो, इसके लिए अदालतें लगातार कोशिश करती रहीं। मुहम्मद अहमद खान बनाम शाहबानो (1985) मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा था कि यह अत्यंत खेद का विषय है कि संविधान के अनुच्छेद 44 में तय की राज्य की जिम्मेदारी अब निर्जीव शब्द समूहों का संग्रह मात्र बनकर रह गई है। अदालत ने कहा कि मुस्लिम समाज को इस मामले में पहल करने की जरूरत है, ताकि प्रगति की दौड़ में वह दूसरों से पीछे न रहे। हैरानी की बात यह है कि शाहबानो के जिस मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट ने लोगों से इस दिशा मे आगे बढ़ने का आह्वान किया, उसके दुष्प्रचार ने समान नागरिक कानून की पहल को भारी चोट पहुंचाई।

शाहबानो प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला के गुजर-बसर के लिए कुछ धनराशि तय की थी, लेकिन इसे मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दखलंदाजी के रूप में प्रचारित किया गया। कुछ लोगों ने इसे पूरे कौम की अस्मिता पर खतरा करार दिया। राजीव गांधी की प्रचंड बहुमत वाली सरकार भी उस दुष्प्रचार का सामना नहीं कर सकी और उसे कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को गुजारे भत्ते के अधिकार से वंचित करना पड़ा। संविधान की पराजय हुई और मानवता तथा समानता के उन सिद्धांतों की बलि दी गई, जिनकी बुनियाद पर इस्लाम की स्थापना हुई थी। इससे संदेश यह गया कि अब समान नागरिक संहिता के लिए पहल मत करना।

शाहबानो प्रकरण के बाद सरला मुद्गल (1995) तथा लिली थॉमस (2000) जैसे कई प्रकरणों में सर्वोच्च न्यायालय ने समान नागरिक कानून के नहीं होने के दोषों को उजागर करते हुए इसे तुरंत लागू करने का निर्देश दिया। वैवाहिक साथी से छुटकारा पाने के लिए कुछ लोगों ने कुछ समय के लिए अपना धर्म बदलकर दूसरी शादी कर ली, क्योंकि दूसरे धर्म से जुड़े कानून में उसे मान्यता दी गई है। फिर अपनी मर्जी से तलाक देकर उस महिला से छुटकारा पा लिया, क्योंकि उस धर्म का कानून इसकी इजाजत देता है।

हरबंश दीक्षित

## संपादकीय

# दाल की खेती क्यों घटी?

दाल की खेती के इलाके अगर सिकुड़ रहे हैं, तो यह सवाल बहुत गंभीर हो जाता है। यह और भी चिंताजनक कि जिन किसानों को पहले बाजार से दाल नहीं खरीदनी पड़ती थी, वे भी अब ऐसा करने पर मजबूर हैं। यह खबर चिंताजनक है कि बीते साल के मुकाबले भारत में धान और अरहर की खेती वाले इलाके इस साल घट गए हैं। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक धान की खेती वाले इलाके 34 फीसदी और अरहर की खेती वाले इलाके 65 फीसदी कम हो गए हैं। खरीफ के सीजन में सोयाबीन की खेती वाले इलाके भी बीते साल के मुकाबले 34 फीसदी घट गए। यहां यह बात ध्यान में रखने की है कि दालों का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और आयातक तीनों है। यानी भारत इस मामले में आत्मनिर्भर नहीं है। ऐसी हालत में दाल की खेती के इलाके अगर सिकुड़ रहे हैं, तो यह सवाल बहुत गंभीर हो जाता है। यह और भी चिंताजनक कि जिन किसानों को पहले बाजार से दाल नहीं खरीदनी पड़ती थी, वे भी अब ऐसा करने पर मजबूर हैं। यह हालत क्यों पैदा हुई? वजह यह है कि किसानों को अब दाल की खेती करना फायदेमंद नहीं लगता। महाराष्ट्र जैसे दाल उत्पादक राज्य में अब रबी और खरीफ के सीजन के बीच के समय में उगाई जाने वाली मूंग और उड़द की जगह सोयाबीन ने ले ली है। जबकि अरहर की खेती वाले इलाकों क्षेत्र में दशकों से विस्तार नहीं हुआ है। जाहिर है, सोयाबीन का बेहतर भाव और तत्काल नकदी मिलने से किसानों में इसकी खेती के प्रति आकर्षण बढ़ा है।

# देश को इंटरनेट बफरिंग की आदत लग गयी थी, मगर मोदी के सत्ता में आते ही डेटा हाई स्पीड से ट्रांसफर होने लगा

भारत में डिजिटल क्रांति ने अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में बहुत प्रभावी भूमिका निभाई है। भारतीय अर्थव्यवस्था, आज डिजिटल क्रांति के बलबूते ही, विश्व में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच, सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। डिजिटल क्रांति ने भारत में वित्तीय समावेशन को बहुत आसान बना दिया है एवं आज भारत वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में पूरे विश्व को राह दिखा रहा है।

विकासशील देश तो आज वित्तीय समावेशन की सफलता के क्षेत्र में भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहे हैं कि वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में भारत किस प्रकार उनकी मदद कर सकता है।

डिजिटल क्रांति से ही भारतीय अर्थव्यवस्था का औपचारीकरण भी सम्भव हो सका है। जिसके चलते, वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण प्रति माह औसतन 1.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो गया है तथा प्रत्यक्ष करों के संग्रहण में भी अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। इससे केंद्र सरकार को भारत में मजबूत आधारभूत संरचना विकसित करने में आसानी हो रही है एवं केंद्र सरकार देश में पूंजीगत निवेश को लगातार बढ़ाने में भी सफल हो रही है। साथ ही, गरीब वर्ग के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं को फंडिंग करने में भी किसी प्रकार की समस्या आड़े नहीं आ रही है।

भारत में डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में नित नए नवाचार भी किए जा रहे हैं। जैसे अभी हाल ही में भारत में ई-रूपी को डिजिटल मुद्रा के रूप में प्रारम्भ किया गया है। इस डिजिटल मुद्रा को वालेट अथवा मोबाइल में रखा जा सकता है।

भारत में डिजिटल क्रांति से केवल केंद्र एवं राज्य सरकारों को ही लाभ हुआ है, ऐसा नहीं है। बल्कि, सामान्य नागरिकों, दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिकों सहित, को भी विभिन्न सरकारी कार्य सम्पन्न करने में बहुत आसानी हुई है। आज भारत में इंटरनेट की सुविधा का उपयोग करने वाले नागरिकों की संख्या शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक हो गई है। भारत का टेलीकॉम और डिजिटल मॉडल बहुत सरल, सहज, सुरक्षित एवं पारदर्शी है। जिसके कारण आज भारत डिजिटल क्रांति में पूरी दुनिया में एक अग्रणी देश बन गया है एवं दुनिया की अगुवाई कर रहा है।

भारत में डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में नित नए नवाचार भी किए जा रहे हैं। जैसे अभी हाल ही में भारत में ई-रूपी को डिजिटल मुद्रा के रूप में प्रारम्भ किया गया है। इस डिजिटल मुद्रा को वालेट अथवा मोबाइल में रखा जा सकता है। डिजिटल मुद्रा के चलन में वृद्धि होते जाने से जेब में रुपए के रूप में मुद्रा रखने की आवश्यकता ही समाप्त हो जाएगी। यह भारत को 'डिजिटल इंडिया' बनाने में एक अहम एवं साकार कदम माना जा रहा है। वर्ष 2022 के केंद्र सरकार के बजट में डिजिटल मुद्रा को भारत में चालू करने के सम्बंध में घोषणा की गई थी। इससे भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था को बहुत मजबूती प्राप्त होगी। ई-रूपी, डिजिटल मुद्रा के रूप में बिटकॉइन जैसी वर्चुअल करेंसी को समाप्त करने में सहायक होगा एवं इससे गैर कानूनी रूप से भारत में लाई जाने वाली विदेशी मुद्रा (मनी लांडरिंग) पर भी अंकुश लगाने में आसानी होगी। डिजिटल मुद्रा के माध्यम से अन्य देशों में निवास कर रहे लोगों को मुद्रा भेजने में आसानी होती है एवं दूसरे देशों को राशि भेजने पर लगने वाले खर्च में भी लगभग 2 प्रतिशत तक की कमी आने की सम्भावना है। लाभार्थियों के खाते में सीधे ही राशि हस्तांतरित की जा सकती है, इससे भारतीय नागरिकों को मुद्रा को एक देश से दूसरे देश में हस्तांतरित करने में सहूलियत होने लगेगी। कुल मिलाकर ई-मुद्रा से बैंकिंग, मौद्रिक नीति और वित्तीय स्थिरता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद की जा रही है।

प्रह्लाद सबनानी

## मिला जुला

# क्लास 3 से 12 तक की करिकुलम का प्रारूप भी तैयार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कक्षा-1 और 2 की किताबें जारी की हैं. NCERT की 58वीं काउंसिल बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भाषा और गणित की नई किताबों का लोकार्पण किया. ये किताबें 5 जून बुधवार से बाजार में भी उपलब्ध हो जाएंगी. इन किताबों का अन्य भारतीय भाषाओं में भी अनुवाद हो रहा है. उनके डिजिटल वर्जन जल्द ही एनसीईआरटी की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे. गणित की किताबों का नाम हिंदी में आनंदमय गणित और अंग्रेजी में जॉयफुल मैथमेटिक्स रखा गया है. इसके अलावा दोनों कक्षाओं में भाषा की किताबों का नया नाम रखा गया है. जिसमें हिंदी की किताब का नाम सारंगी, अंग्रेजी का मृदंग और उर्दू की किताब का नाम शहनाई रखा गया है। अभी तक कक्षा-1 और 2 के लिए एनसीईआरटी की हिंदी भाषा की किताब का नाम रिमझिम, अंग्रेजी भाषा की किताब का नाम मैरीगोल्ड, रेनड्रॉप और अंक गणित की किताब का नाम गणित का जादू है। कक्षा-1 की रिमझिम में 23 अध्याय थे, लेकिन अब कक्षा-1 की सारंगी में 19 अध्याय हैं।

## NCP कार्यकारिणी की बैठक में 8 प्रस्ताव पास

# शरद पवार बोले- पार्टी का अध्यक्ष मैं हूं, और लोग क्या कह रहे नहीं पता

मुंबई। शरद पवार आज दिल्ली में NCP की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक ली। बैठक में 8 प्रस्ताव पास हुए और नेताओं ने शरद पवार पर भरोसा जताया है।

मीटिंग के बाद शरद पवार ने कहा- आज की बैठक से हमारा हौंसला बढ़ा है। NCP का अध्यक्ष मैं हूं और कौंन क्या कह रहा है मुझे नहीं पता। किसी और के कुछ कहने की अहमियत नहीं।

उन्होंने कहा कि अगर कोई मुख्यमंत्री बनना चाहता है कि हमें दिक्कत नहीं है। फिर चाहे उम्र 82 हो या 92 क्या फर्क पड़ता है।

NCP नेता पीसी चाको ने कहा- सरकार में शामिल होने वाले 9 विधायकों को पार्टी से निकाल दिया गया है। उधर, अजित पवार ने इस मीटिंग को गैरकानूनी बता दिया।

5 जुलाई को शरद पवार को हटाकर अजित पवार खुद NCP के अध्यक्ष बन गए थे। इसके एक दिन बाद गुरुवार को शरद पवार दिल्ली में यह बैठक कर रहे हैं।

शरद पवार के दिल्ली पहुंचने से पहले राजधानी में लगे वो पोस्टर हटा दिए गए, जिनमें अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल के फोटो लगे थे। दिल्ली में नए पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें अजित-प्रफुल्ल पटेल नहीं हैं। कुछ पोस्टर ऐसे भी हैं, जिनमें कटप्पा के बाहुबली को मारने का सीन है। लिखा गया है- गद्दारों को जनता माफ नहीं करेगी।

### संजय राउत सामना दफ्तर में अभिजित पानसे से मिले

मनसे नेता अभिजित पानसे ने शिवसेना सांसद (उद्धव गुट) संजय राउत से मुलाकात की। सामना दफ्तर में हुई यह बैठक करीब आधे घंटे तक चली। हालांकि, इस मुलाकात की वजह अब तक साफ नहीं है।

खबरें हैं कि महाराष्ट्र में सियासी उथल-पुथल के बाद दोनों भाई साथ आ सकते हैं। अजित पवार की बगावत के बाद से लगातार ठाकरे सेना और एमएनएस के कार्यकर्ता इसकी मांग भी कर रहे हैं।

*एकनाथ शिंदे- महाराष्ट्र के सत्ताधारी गठबंधन में अजित पवार की एंट्री के बाद एकनाथ शिंदे कैंप के असंतुष्ट होने की खबरें आ रही थीं। ऐसे में शिंदे ने बुधवार शाम अपने आवास पर एक बैठक रखी। बैठक के बाद शिंदे ने कहा, मैं इस्तीफा नहीं दे रहा हूं। मैं जानता हूं मेरे इस्तीफे की खबरें कौन फैला रहा है, लेकिन ये सब सिर्फ अफवाहें हैं। मैं उन 50 विधायकों का साथ नहीं छोड़ूंगा, जिन्होंने मेरा साथ दिया था।*

*उद्धव ठाकरे- संजय राउत ने बुधवार को कहा था कि महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री आने वाले दिनों में बदल सकता है। उन्होंने कहा कि एक कहावत है- एक पूरा और दो आधे। यहां दो आधे डिप्टी सीएम हैं और एक पूरा मुख्यमंत्री है, जो असल में पूरा नहीं है, बल्कि संदेह में है।*

*भाजपा- महाराष्ट्र भाजपा चीफ चंद्रशेखर बावनकुले ने बुधवार को कहा था कि विपक्षी पार्टियां एकनाथ शिंदे पर संदेह फैलाने का काम कर रही हैं, पर वही आने वाले दिनों में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहेंगे। उन्होंने राज्य के लिए अच्छा काम किया है।*

# मुख्यमंत्री शिवराज ने पेशाब कांड पीड़ित आदिवासी के पैर धोए

## हाथ पकड़कर CM हाउस ले गए, आरती उतारी और बोले- माफी मांगता हूं

**सीधी/भोपाल।** सीधी पेशाब कांड पीड़ित आदिवासी युवक और उसका परिवार गुरुवार को CM शिवराज से मिलने CM हाउस पहुंचा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पीड़ित आदिवासी का हाथ पकड़कर उसे भीतर ले गए। कुर्सी पर बैठाया। पांव धोए, आरती उतारी और तिलक लगाया।

शॉल ओढ़ाकर शिवराज ने उसका सम्मान किया। उन्होंने कहा, इस घटना से दुखी हूं। मैं आपसे माफी मांगता हूं। आप जैसे लोग मेरे लिए भगवान जैसे हैं। वहीं CM से मुलाकात के बाद पीड़ित आदिवासी ने कहा जो हुआ, सो हुआ।

इस घटना के सामने आने के बाद शिवराज ने कहा था- आरोपी को ऐसी सजा मिले, जो मिसाल बन जाए। कार्रवाई के बाद ट्वीट किया था- NSA लगाया, बुलडोजर भी चलाया। जरूरत पड़ी तो अपराधियों को जमीन में गाड़ देंगे।

आरोपी प्रवेश शुक्ला को मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया था। उस पर NSA लगाया गया है। अभी वह जेल में है।

# दिल्ली की तीस हजारी अदालत में गोलीबारी, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तीस हजारी अदालत परिसर में यहां बुधवार को दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। पुलिस का कहना है कि गोलीबारी की इस घटना में कथित रूप से वकीलों के दो समूह शामिल थे। पुलिस के मुताबिक, इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर

सिंह कलसी ने कहा, तीस हजारी अदालत में बुधवार को अपराह्न करीब 1:35 बजे गोलीबारी की घटना हुई। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि पदाधिकारियों सहित वकीलों के दो समूहों ने कथित रूप से हवा में गोलियां चलाईं। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

# नेताओं को नसीहत- बयानबाजी की तो कार्रवाई होगी, एकजुट होकर चुनाव लड़ें

**जयपुर।** AICC मुख्यालय में राजस्थान के मुद्दे पर बैठक खत्म हो गई है। करीब चार घंटे चली बैठक में सभी नेताओं ने राजस्थान से जुड़े मामले पर फैसले हाईकमान पर छोड़ दिए हैं। हाईकमान जो फैसला करेगा, वह सबको मान्य होगा। सचिन पायलट का रोल तय करने पर भी हाईकमान फैसला करेगा। बैठक में राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजस्थान के नेताओं को एकजुट होकर चुनाव लड़ने को कहा है। यह भी कहा- अब किसी तरह के मतभेद की बात सामने नहीं आने चाहिए। बयानबाजी करने पर कार्रवाई होगी। बैठक में नेताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ने का भरोसा दिलाया। मीटिंग में राजस्थान से बुलाए गए नेताओं से भी चर्चा की गई।

# जिले के सभी तहसीलों में लगा वृहद राजस्व समाधान शिविर

## जनसामान्य को एक ही स्थान में राजस्व से जुड़े सभी प्रकार की सेवाओं का मिला लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे राजस्व शिविर में

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर जिले के तहसील स्तर पर विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं लोगों को राजस्व मामलों में राहत दिलाने के उद्देश्य से आज सभी तहसीलों में वृहद राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। जहां एसडीएम, तहसीलदार, आरआई एवं हल्का के पटवारी उपस्थित थे। इसके साथ ही राजस्व शिविर में जिला स्तर पर भी डिप्टी कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, अपर कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। आयोजित वृहद राजस्व शिविर में खाता विभाजन, नामांरतण, किसान-किताब, आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र, आरबीसी 6-4, डिजिटल हस्ताक्षर, डायवर्सन कर वसूली, सीमांकन, व्यपवर्तन, भू-अजर्न, राजस्व से संबंधित अन्य प्रकरणों का आवेदन प्राप्त कर मौके पर निराकरण किया गया।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि सभी तहसीलों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व शिविर लगाया गया हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है की राजस्व से जुड़े मामलों में जनसामान्य को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और न ही उन्हें अनावश्यक इधर-उधर भटकना न पड़े। इसके साथ ही शिविर में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से त्वरित निराकरण करना यही हमारी प्राथमिकता हैं और वृहद राजस्व शिविर का उद्देश्य हैं। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा रायगढ़, पुसौर एवं खरसिया तहसील में आयोजित राजस्व शिविर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां आवेदकों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याएं सुनी एवं अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने रायगढ़ तहसील कार्यालय में अपने बेटे हर्ष एक्का का जाति प्रमाण-पत्र बनवाने आयी महिला से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने शिविर में सबसे अधिक आने वाले आए आवेदन की जानकारी ली। राजस्व अधिकारी द्वारा बताया गया कि शिविर में सभी प्रकार के मामलो के आवेदन आ रहे है।

इसी क्रम में कलेक्टर सिन्हा पुसौर तहसील में लगे शिविर में पहुंचे और राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली। तहसीलदार ने बताया कि जाति-निवास के साथ बंटवारा, नक्शा दुरुस्ती जैसे अन्य प्रकरण भी आए हैं। बंटवारा का आवेदन लेकर आए श्री लक्ष्मी चरण निराला एवं श्रीमती सुमति रात्रे से चर्चा की। इसी तरह माधुरी एवं गायत्री यादव के पिता से बात करने से उन्होंने बताया की दोनों बेटियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने आए हैं। इसी तरह बंटवारा का आवेदन लेकर पहुंचे सुदामा गुप्ता, नया ऋण पुस्तिका के लिए आए टेकराम एवं रकबा सुधार हेतु पहुंची श्रीमती संध्या गुप्ता से कलेक्टर ने बात की। उन्होंने कहा कि सभी की समस्या का निराकरण विधिवत तरीके से किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी से पटवारी की जानकारी ली, साथ ही प्राप्त आवेदनों की जानकारी के लिए पंजी का अवलोकन लिए।

### वार्षिक भू-भाटक के भुगतान से छूट का कलेक्टर ने प्रदाय किया प्रमाण पत्र

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा खरसिया तहसील कार्यालय परिसर में लगे राजस्व शिविर भी पहुंचे। एसडीएम रोहित सिंह ने बताया कि आय, जाति, निवास, बंटवारा, किसान किताब जैसे आवेदन आ रहे हैं। उन्होंने आवेदन पंजी का अवलोकन किया। जहां 100से अधिक आवेदन आए थे। जोबी निवासी राम कुमार से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि वे खाता विभाजन के लिए आवेदन देने पहुंचे हैं।

इसी तरह श्रीमती महेश्वरी राठौर पति श्री राम नारायण राठौर निवासी मदनपुर को भू-भाटक की राशि एकमुश्त 15 वर्षो के लिए जमा करायी गयी है। इन्हें आगामी 15 वर्ष (16 वें वर्ष से 30 वर्ष वे वर्ष)के वार्षिक भू-भाटक के भुगतान से छूट प्रदान की जाती है। जिसका प्रमाण पत्र कलेक्टर श्री सिन्हा ने प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने वृहद राजस्व शिविर में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनते हुए, आवेदन भी लिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

जिला ग्रंथालय में होगा कैरियर गाइडेंस

# सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव छात्रों को देंगे मार्गदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल से जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को जिला ग्रन्थालय में कैरियर गाइडेंस सेशन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारी छात्रों से रूबरू होकर अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को सफलता के टिप्स दे रहे है। इसी क्रम में आगामी शुक्रवार 7 जुलाई को सुबह 10 बजे से जिले में सीईओ जिला पंचायत के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी जितेन्दर यादव छात्रों के बीच होंगे। जहां वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को मार्गदर्शन देंगे।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा की विशेष पहल पर रायगढ़ जिला में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी एवं रोजगार के अवसरों के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं कोचिंग कक्षायें जिला ग्रंथालय रायगढ़ में संचालित किए जा रहे हैं, इसके साथ ही वर्तमान में जिला ग्रंथालय रायगढ़ में पीएससी की कोचिंग कक्षायें भी संचालित हो रही हैं। जिससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर व प्रतियोगी माहौल प्रदान किया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत पिछले हफ्ते जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने छात्रों का मार्गदर्शन किया था।

# अखंड भारत के प्रतिमूर्ति थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी-उमेश अग्रवाल

## जयंती में जिला अध्यक्ष ने किया पुण्य स्मरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा कि डॉ् श्यामा प्रसाद मुखर्जी अखंड भारत के प्रतिमूर्ति थे। उनका जीवन भारतीयता से ओतप्रोत था। कश्मीर के प्रति उनकी सोच सकारात्मक रही। श्यामा प्रसाद कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग मानते रहे है और भारत का सिर भी भारत की पहचान रही। ऐसा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत के लिए अपना जीवन खपा दिया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने अपना सारा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया था। जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश ने कहा कि सबसे पहले कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने की मांग डॉ.मुखर्जी ने उठाई। जिसे मोदी जी ने पूरा किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक सच्चे देशभक्त थे। जिन्होंने भारत के उत्थान के लिए अनुकरणीय योगदान दिया था। भारत की एकता के लिए उनके प्रयास साहसपूर्ण रहे। उनके विचार और आदर्श देश भर में लाखों लोगों को ताकत देते हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर केंद्रित जनसंघ और आज की भाजपा डॉ. मुखर्जी की ही दूरदर्शिता का परिणाम है।

# कलेक्टर ने कोलेंग और दरभा क्षेत्र के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने गुरुवार को कोलेंग और दरभा क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कोलेंग क्षेत्र के निरीक्षण दौरा के दौरान कलेक्टर श्री विजय ने कोलेंग के नव निर्मित स्वास्थ्य केंद्र के प्री बर्थ यूनिट की व्यवस्था और निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में करवाने के निर्देश सम्बन्धित निर्माण विभाग के अधिकारी को दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के प्री बर्थ यूनिट की निर्माण कार्य में विलंब और गुणवत्ता का ध्यान नहीं देने के लिए आरईएस के एसडीओ से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, एसडीएम तोकापाल ऋतुराज बिसेन, जनपद पंचायत सीईओ सुभ्रत प्रधान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कोलेंग में नेटवर्क की सुविधा के विस्तार का जायजा लेने के लिए अपने सामने कॉमन सर्विस सेंटर के संचालक से पेंशन और बैंक की गतिविधियों का संज्ञान ले कर हितग्राहियों को भुगतान करवाया।

### दरभा ब्लॉक के विकास कार्यों का निरीक्षण

कलेक्टर ने दरभा विकासखंड के विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान ककालगुर के प्राथमिक और माध्यमिक शाला के जीर्णोद्धार कार्य, निर्माणाधीन विश्राम गृह भवन और कॉफी प्लांटेशन क्षेत्र का जायजा लिया। कलेक्टर ने कॉफी प्लांटेशन में उद्यानिकी कॉलेज के वैज्ञानिक से काफी की वैरायटी,जमीन की उर्वरता, उत्पादन सहित मार्केट की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चाकर जिले के अन्य विकासखंडों में कॉफी उत्पादन के संबंध में निर्देश दिए। इसके उपरांत नेतानार पूर्व माध्यमिक शाला में स्कूली बच्चों के साथ दोपहर का भोजन किया।

# मत्स्य बीज प्रक्षेत्र चांदमारी एवं छिन्द में मत्स्य बीज स्पॉन, फ्राई एवं फिंगरलिंग उपलब्ध

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मछली पालन विभाग रायगढ़ अंतर्गत मत्स्य बीज प्रक्षेत्र चांदमारी रायगढ़ एवं मत्स्य बीज प्रक्षेत्र छिन्द सारंगढ़ में मत्स्य बीज उत्पादन का कार्य प्रारंभ हो गया है। वर्तमान में दोनों जिलों के मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में मत्स्य बीज स्पॉन, फ्राई एवं फिंगरलिंग उपलब्ध है। जिले के समस्त पट्टाधारक मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह, मछुआ व्यक्ति, स्व-सहायता समूह तथा निजी मत्स्य पालक किसान शासकीय दर पर मत्स्य बीज क्रय कर अपने तालाबों जलाशयों में संचयन कर सकते है।

सहायक संचालक मछली पालन, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में रायगढ़ जिला हेतु 750 लाख स्पॉन एवं 90 लाख स्टैण्डर्ड फ्राई तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला हेतु 950 लाख स्पॉन एवं 100 लाख स्टेण्डर्ड फ्राई उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त दोनों मत्स्य बीज प्रक्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता का मेजर कार्प (कतला, रोहू एवं मृगल)मत्स्य बीज उत्पादन कार्य वर्षा ऋतु के साथ प्रारंभ हो गया है।

## एक नजर

### असामयिक मृत्यु के एक प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

तहसील खरसिया के ग्राम-दर्रामुड़ा निवासी नान्हीराम पटैल की 30 जून 2022 को नदी के पानी में डूबने से असामयिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात संबंधित अनुविभाग के एसडीएम द्वारा प्रकरण के परीक्षण पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधान अनुसार मृतक की पत्नी केंवरा बाई पटैल को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जवाहर नवोदय विद्यालयः प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर जिला-रायगढ़ में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2023 निर्धारित है। जिसके लिए प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 20 जनवरी 2024 को रायगढ़ जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थी संबंधित दस्तावेजों एवं निर्धारित प्रपत्र को पूर्णतः भरकर एवं प्रधानाध्यापक से प्रमाणित कराने के पश्चात समिति की वेबसाईट www.navodaya.gov.in में ऑनलाईन माध्यम से आवेदन कर सकते है। इसके लिए अभ्यर्थी को रायगढ़ जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत एवं जिले का निवासी होना चाहिए। कक्षा तीसरी व कक्षा चौथी पूर्ण शैक्षणिक वर्ष प्रत्येक कक्षा मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तीर्ण होना है तथा जिसका जन्म 1 मई 2012 तथा 31 जुलाई 2014 (दोनों शामिल)के मध्य होना चाहिए। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, जिला-रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### जिले में 269.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 6 जुलाई तक 269.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 15.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 252.9 मिली मीटर, पुसौर में 280, खरसिया में 176.6, घरघोड़ा में 204.3, तमनार में 260.2, लैलूंगा में 240.5, मुकडेगा में 362, धरमजयगढ़ में 305.5, छाल में 233.5 एवं कापू में 381.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की चयन सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत चिकित्सा विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ/दंत चिकित्सक, स्टाफ नर्स के पद पर एक वर्ष की संविदा नियुक्ति हेतु 9 जून को साक्षात्कार लिए जाने के उपरांत प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम मेरिट सूची के आधार पर चयन सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आवेदक कार्यालय में उपस्थित होकर चयन सूची का अवलोकन कर सकते है।

### छात्रावास, आश्रमों के अधीक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेशानुसार जिले में विभागीय छात्रावास एवं आश्रमों के अधीक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करने का आदेश प्राप्त हुआ था। जिसके तहत रायगढ़ जिले में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ बी.के.राजपूत के मार्गदर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न किया गया।

उक्त आदेश के परिपालन में विभागीय 141 छात्रावास/आश्रम के अधीक्षक एवं अधीक्षिकाओं को 22 एवं 23 जून को रायगढ़ में 26 एवं 27 जून को घरघोड़ा में तथा 28 एवं 30 जून को धरमजयगढ़ में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मास्टर ट्रेनर श्री भूपेन्द्र पटेल एवं सुश्री मनीषा चौहान के द्वारा छात्रावास/आश्रमों में स्वच्छता, मूलभूत व्यवस्था, मेनू अनुसार पौष्टिक भोजन, अधीक्षक का दायित्व, अभिलेख संधारण, छात्रावास निगरानी समिति, एचएमएस पोर्टल में ऑनलाईन एन्ट्री, छात्रावास/आश्रमों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भूमिका और उनके दायित्व, बच्चों के संपूर्ण विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य, बाल संरक्षण अधिनियम के तहत बाल अधिकारों की यात्रा, बाल अधिकारों के प्रकार, संबंधित अधिनियम, बाल संरक्षण से संबंधित हितकारक विभाग द्वारा संचालित योजनायें, विशेष पिछड़ी जनजातियों हेतु आवासीय विद्यालय, छात्रावास/आश्रम संचालन संबंधी नियम, बच्चों के चयन, छात्रावास समितियों की जानकारी, प्रवेश हेतु नियम व शर्ते, वन अधिकार अधिनियम आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में स्थानीय अधिकारी विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी घरघोड़ा, उद्यान अधीक्षक घरघोड़ा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लैलूंगा, डॉ.भूपेन्द्र चौहान, डॉ.फणीन्द्र कुमार द्वारा स्वास्थ्य किचन गार्डन (बागवानी) योगा अभ्यास आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभागीय सहायक संचालक सुश्री आकांक्षा पटेल, सहायक लेखा अधिकारी श्रीमती ममता सारथी, समस्त मंडल संयोजक एवं वेतन केन्द्र प्रभारी एवं स्थानीय छात्रावास अधीक्षक/अधीक्षिकाओं की विशेष भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री मितान योजना का नगर पालिका जशपुर में किया गया प्रारंभ

## मितान योजना में श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की घर बैठे डिलीवरी होगी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री मितान योजना का नगर पालिका जशपुर में शुभारंभ किया है और घर-घर जाकर करेंगे काम, आ रहा है अब आपके पास मितान योजना को सार्थक किया जा रहा है। योजना के शुरू होने से श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की घर बैठे डिलीवरी आमजनों को होगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विगत दिवस 01 जुलाई 2023 को शहरी योजनाओं का विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री मितान योजना का सभी नगर पालिकाओं में शुभारंभ किया है। उन्होंने सर्विस डिलीवरी को मजबूत करने, नागरिकों को घर बैठे प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के लिए इस योजना की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत श्रमिक कार्ड सेवाओं सहित कुल 25 सेवाओं की घर बैठे डिलीवरी का विस्तार करते हुए

**मितान की सेवा के लिये टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर करा सकते हैं पंजीयन**

मितान के माध्यम से प्रदेश के समस्त नगर पालिका परिषदों में उपलब्ध होगी। इनमें मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, दस्तावेज के नकल के लिए अनुरोध गैर-डिजिटल भूमि रिकार्ड आदि की प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड एपीएल, सफेद, नया राशन कार्ड बी.बी.एल., प्राथमिकता, राशन कार्ड सरेंडर व ट्रान्सफ र, राशन कार्ड भर जाने पर, राशन कार्ड में सुधार के लिए, जन्म प्रमाण-पत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण, भूमि सूचना, भूमि उपयोग, जन्म प्रमाण-पत्र सुधार, मृत्यु प्रमाण-पत्र सुधार, विवाह प्रमाण-पत्र सुधार, आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड से सदस्य जोड़ने व हटाने के लिए, राशन कार्ड खो जाने व गुम जाने पर, राशन कार्ड में सुधार के लिए, श्रम पंजीयन एवं श्रम पंजीयन सुधार इत्यादि सेवाएं घर बैठे मितान सेवा से प्राप्त किए जा सकते हैं। इस सेवा से लोगों को श्रम, समय और धन की बचत होगी। साथ ही प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से भी निजात मिलेगी। वास्तव में छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री मितान योजना से नागरिक सुविधाओं का विस्तार हुआ है और मितान की सेवाओं से नागरिकों को घर बैठे ही शासकीय सेवायें की सुविधा प्राप्त होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मितान योजना से लाभान्वित होने के लिये आवेदक मितान की सेवा के लिये टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर पंजीयन करा सकता है।

# कलेक्टर ने लिया जल संसाधन विभाग एवं जिला जल उपयोगिता समिति की समीक्षा बैठक

## खरीफ फसल की सिंचाई के लिए 10 जुलाई से मिलेगा नहरों से पानी

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आज खरीफसिचांई वर्ष 2023 का कार्यक्रम निर्धारण करने हेतु जिला जल उपयोगिता समिति की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में समिति के सचिवध्कार्यापालन अभियंता मिनी माता बांगो नहर संभाग क्र 06 सक्ती के द्वारा बांध में जल उपलब्धता की जानकारी देते हुए बताया कि हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत जांजगीर-चाम्पा, सक्ती, कोरबा एवं रायगढ़ जिले के 2,43,270 हेक्टेयर में सिचांई को लक्ष्य रख गया है। जिसमे से जिला सक्ती का 88,646 हेक्टेयर है। समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर द्वारा उपसंचालक कृषि, विपणन के अधिकारियों को खाद बीज, पोटाश एवं कीटनाशक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। समिति द्वारा विचारोपरांत हसदेव बांगो परियोजना के अंतर्गत हसदेव बायी तट नहर प्रणाली में खरीफ सिचांई वर्ष 2023 हेतु 10 जुलाई 2023 से 05 अक्टूबर 2023 तक जल प्रवाहित करने को निर्णय किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों को कम समय में होने वाले धान लगाने हेतु कृषकों को प्रोत्साहित करने हेतु निर्देश दिए। बैठक में विधायक प्रतिनिधि गुलजार सिंह, अमित राठौर, दिनेश गबेल, अमरसिंह बनाफ र एवं जल संसाधन विभाग के नोडल अधिकारी हितेन्द्र राठौर, ईएल एक्का कार्यापालन अभियंता खरसिया, अहिरवार कार्यापालन अभियंता साराडीह बैराज, उपसंचालक कृषि, जिला विपणन अधिकारी एवं कृषकगण तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**राजीव युवा मितान क्लब से लेकर राज्य स्तर तक छह स्तरों पर होगा आयोजन**

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक हरेली त्योहार से होगा आरंभ, हर उम्र के हजारों खिलाड़ी जुटेंगे

***दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेल में शामिल बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक तीन आयु वर्ग में होंगे प्रतिभागी***

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

छत्तीसगढ़ में प्रतिवर्ष कि तरह इस वर्ष भी छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल 2023-24 का आयोजन 17 जुलाई हरेली तिहार से किया जा रहा है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आयोजन के लिए समय पूर्व सभी तैयारियां सुनिश्चित करने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में निर्देशित किया है कि छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2022 के चयनित प्रतिभागियों के खाते में इनाम की राशि शीघ्र डाली जाय। जिला अन्तर्गत समस्त जनपद सीईओ, नगरीय निकाय क्षेत्रों के सीएमओ को इसे प्राथमिकता से लेते हुए शीघ्र राशि को संबंधित चयनित प्रतिभागियों के खातों में डालना सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने युवा मितान क्लब, जोन, विकासखंड. नगरीय एवं जिला स्तर पर आयोजन समिति गठित करने और पिछले वर्ष के अनुभवों के आधार पर छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का और बेहतर आयोजन कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी स्तर के खेलों का आयोजन समय-सीमा के भीतर कराने को कहा। इसके साथ ही खिलाड़ियों की स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खेल आयोजन कराने प्रत्येक आयोजन स्तर पर फर्स्ट एड किट की व्यवस्था एवं स्थानीय स्तर पर यथासंभव आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सभी खिलाड़ियों से उनका मान्य पहचान प्रमाण पत्र, बैक खाते की जानकारी पहले से ही लिए जाने के निर्देश दिए। लगभग 2 माह 10 दिन तक चलने वाली यह खेल प्रतियोगिता 6 चरणों में होगी।

## प्रतियोगिता में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक ले सकेंगे हिस्सा

जिला खेल अधिकारी हरि पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता में दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। एकल श्रेणी में रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी जोड़ा गया है। जिला छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय एवं एकल श्रेणी में होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्टूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो रस्साकसी और बांटी कंचा, जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फु गड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा,100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं। पहले स्तर की स्पर्धा नॉकआउट पद्धति से सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर स्पर्धा 17 से 22 जुलाई तक नॉकआउट पद्धति से होगी। दूसरा स्तर जोन है, जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक क्लब होगा। इसका आयोजन 26 जुलाई से 31 तक होगा। विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक होगा। जिला स्तर पर 25 अगस्त से 04 सितंबरतक, संभाग स्तर पर 10 सितंबर से 20 सितंबर तक होगा। अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

## एक नजर

### शिक्षा प्रकोष्ठ की प्रथम बैठक जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

भारतीय जनता पार्टी जिला शिक्षा प्रकोष्ठ का प्रथम बैठक 6 जुलाई को भाजपा जिला कार्यालय सक्ती में भारत माता एवं डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी को छाया चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम अवतार अग्रवालए विष्ट अतिथि भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश यादव, का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। राम अवतार अग्रवाल ने शिक्षा प्रकोष्ठ के किस प्रकार आगे बढ़ायें इस पर प्रकाश डाला, जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश यादव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में होने के कारण क्षेत्र में अच्छी पकड़ है हमें अधिक से अधिक लोगों को भाजपा में जोड़ना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षा प्रकोष्ठ जिला संयोजक नितिन सोनी, अमृतलाल साहू सह संयोजकए अमन डालमियाए रामकुमार चंद्रा सदस्य बसंत धीरज सदस्य नेतराम पटेल सदस्य कृत राम साहू सदस्य एवं अन्य सदस्यों के साथ बैठक संपन्न हुई।

### सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालयों के संविदा भर्ती की चयन व प्रतीक्षा सूची जारी

*दस्तावेज परीक्षण 12 जुलाई को होगी

दस्तावेज परीक्षण के बाद नियुक्ति आदेश दी जाएगी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़

जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड अंतर्गत संचालित होने वाले नवीन आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालयों में संविदा भर्ती हेतु अभ्यर्थियों की चयनित एवं प्रतिक्षा सूची जारी की गई है। इन अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण पश्चात नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा। दस्तावेज परीक्षण 12 जुलाई 2023 बुधवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खेलभांठा सारंगढ़ में प्रात: 11 बजे से होगा। सभी चयनित अभ्यर्थी उक्त निर्धारित तिथि एवं स्थान में अपने समस्त मूल दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेज परीक्षण के बाद नियुक्ति आदेश प्राप्त कर सकते हैं। चयनित सूची व प्रतिक्षा सूची जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय खेलभांठा सारंगढ़ के सूचना पटल और जनसंपर्क संचालनालय रायपुर के वेबसाइट डीपीआरसीजी डॉट जीओवी डॉट इन में जिले के समाचार उपलब्ध है।

### तीरंदाजी अकादमी में प्रवेश हेतु चयन 09 जुलाई को

**कोण्डागांव** । संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा गैर आवासीय एवं आवासीय तीरंदाजी अकादमी रायपुर एवं एक्सीलेन्स सेंटर एवं अकादमी बिलासपुर में तीरंदाजी खेल में खिलाड़ियों को चिन्हित कर प्रवेश देने के अनुक्रम में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में ओपन टैलेन्ट सर्च आयोजित कर स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को पहचान कर अकादमियों के लिए चिन्हित करने हेतु समिति का गठन किया गया है। यह समिति 09 जुलाई 2023 को प्रात: 10.00 बजे से प्री मैट्रिक बालक छात्रावास कोण्डागांव के तीरंदाजी मैदान में 12 से 16 वर्ष आयु के बालक एवं बालिकाओं का चयन अकादमी हेतु करेंगे। इस हेतु इच्छुक खिलाड़ी कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला कोण्डागांव में सम्पर्क कर सकते है।

### प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन

**दंतेवाड़ा** । जिला कौशल विकास प्राधिकरण दन्तेवाड़ा में 8 जुलाई 2023 क्लीनटेक एण्ड बेंचमार्क अलाईड सर्विसेस, रायपुर में सिक्योरिटी गॉर्ड हेतु लाईवलीहुड कॉलेज दन्तेवाड़ा, मिलेनियम स्किल असेसर्स प्रा.लि. हैदराबाद में सिक्योरिटी गॉर्ड के लिए 10 जुलाई 2023 को जनपद पंचायत कुआकोण्डा, 11 जुलाई जनपद पंचायत कटेकल्याण, 12 जुलाई जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा, 13 जुलाई जनपद पंचायत गीदम में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की एक प्रति, पहचान पत्र एवं एक पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, सहित उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला संयुक्त कार्यालय भवन कलेक्ट्रेट के द्वितीय तल के कक्ष क्रमांक 219 एवं 220 में अथवा मो. नम्बर 9406334109 में संपर्क किया जा सकता है।

# जशपुर के बड़ाबनई गौठान में पुश चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजना

पुशओं का उपचार, टीकाकरण, बंध्याकरण सहित किया गया औषधि वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

पशुधन विभाग के द्वारा आज जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बड़ाबनई के गौठान में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया और शिविर में 11 पशुओं को उपचार, 12 का बंध्याकरण, 75 को कृमिनाशक, 61 को डीटीकिंग, 141 को टीकाकरण एवं 135 को औषधि वितरण किया गया है। इसी प्रकार फ रसाबहार और कांसाबेल आयोजित कर पशुरोग प्रतिबंधात्मक जानकारी के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बरसात के मौसम को देखते हुए पशुओं के टीकाकरण एवं उपचार के क्षेत्र में गंभीरता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

साथ ही छूटे हुए पशुओं का प्राथमिकता से टीकाकरण एवं बंध्याकरण करने के लिए कहा गया है। इस दौरान पशु औषधालय प्रभारीए पशु चिकित्सालय प्रभारी, पशुधन मित्र और पशु सखी उपस्थित थे।

**फरसाबहार और कांसाबेल विकासखण्ड में पुशओं के टीकाकरण एवं विभागीय कार्यों की हुई समीक्षा बैठक**

विकासखण्ड में टीकाकरण एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक

## बड़ी कार्रवाई

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को प्रताड़ित करने वाली सुपरवाईजर को कलेक्टर ने किया निलंबित

**रायपुर** । राजधानी राजपुर से सटे बलौदाबाजार जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रताड़ित करने वाली सुपरवाईजर श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास जो कि एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय पलारी में पदस्थ थी। उस पर सख्त कार्रवाई करते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने निलंबित कर दिया है। श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास के संबंध में सेक्टर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा दिनांक 19 जून 2023 को शिकायत किया गया था। शिकायत के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी पलारी द्वारा बयान एवं जांच किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए झाड़ू लगवाना, टायलेट साफ करवाना इत्यादि सही पाया गया। साथ ही नोटिस का उचित जवाब नहीं पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उक्त कार्यवाही छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 14 के तहत विभागीय जांच संस्थित करने के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के प्रावधान के अनुसार की गई है। निलंबन के अवधि में मुख्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय लवन रहेगा।

## कोंडागांव विधानसभा में बूथ चलो अभियान हुआ प्रारम्भ

**कोंडागाँव** । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सह विधायक मोहन मरकाम बूथ चलो अभियान के तहत कोंडागांव विधानसभा के चलका चिमडी पाला चौडंग,किबई बालेंगा बनजुगानी बांसगांव चीचडोंगरी बुनागांव मलकोट उमरगांव केवटी दाड़िया भिरागांव कुम्हारपारा,मगेदा,बागबेड़ा,उलेरा,कोसाहरदुली,कोकोडी व ठेमगांव पोलिंग बूथ पहुचे और बूथ कमेटी की समीक्षा की और मतदाता सूची का अवलोकन करते हुए बूथ प्रभारियों से जिनका नाम मतदाता सूची में नही जुड़ पाया है उनका नाम जुड़वाने और मतदाता सूची का निरीक्षण कर बूथ लेवल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर पुनरीक्षित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये साथ ही जनसवाद कार्यक्रम के माध्यम से बूथ अध्यक्षो कार्यकर्ताओ सेक्टर जोन प्रभारियों से आह्वान किया कि वे छग की भुपेश बघेल जी के नेतृत्व की कांग्रेस सरकार द्वारा किये गए जनहित के कार्यो को जन जन तक पहुचाये बूथ चलो अभियान के कार्यक्रम में उनके साथ समस्त पोलिंग बूथ के बूथ अध्यक्ष पदाधिकारी सेक्टर जोन प्रभारी ब्लाक पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## म.प्र. भाजपा नेता ने एक आदिवासी व्यक्ति के ऊपर पेशाब करने की घटनाएं समूचे आदिवासी समाज का अपमान-महेश हेमला

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

मध्य प्रदेश के सीधी जिला में भाजपा नेता के द्वारा एक आदिवासी युवा के ऊपर पेशाब करने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए आदिवासी कांग्रेस बीजापुर के जिला अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य महेश हेमला ने कहा कि भाजपा नेता ने एक व्यक्ति नहीं समूचे आदिवासी समाज का अपमान किया। भाजपा शासित राज्यों में भाजपा नेताओं की गुंडागर्दी चरम सीमा पर है भाजपा नेताओं की गुंडागर्दी से हर वर्ग असुरक्षित महसूस कर रहे है। आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष महेश हेमला ने कहा कि सीधी जिला में जो आदिवासी वर्ग के युवा के ऊपर भाजपा नेता के द्वारा पेशाब करना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है यह भाजपा का वास्तविक चरित्र है जो अपने अहं में किसी भी स्तर तक गिर सकते है। भाजपा की इसी प्रवृत्ति के कारण आदिवासी समाज भाजपा से नफरत करता है। हम इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और मांग करते हैं उक्त घटना को अंजाम देने वाले आरोपी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। महेश हेमला ने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है उन राज्यों में अपराधी तत्वों का हौसला बुलंद है उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश हरियाणा गुजरात सहित भाजपा शासित राज्यों में दलित वर्ग आदिवासी वर्ग ओबीसी वर्ग के साथ लगातार प्रताड़ना शोषण मारपीट इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना हो रही है यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि भाजपा इन अपराधियों को संरक्षण देती है बचाती है और पीड़ित को डराती है मध्य प्रदेश के सीधी में हुई घटना से भाजपा के आदिवासियों के प्रति जो रवैया है वह सामने आया है उक्त घटना के लिए भाजपा के नेता जिम्मेदार है ।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने सखी वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य ममता कुमारी ने सूरजपुर जिला प्रवास के दौरान जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। ममता कुमारी के द्वारा केन्द्र की संचालन व्यवस्था के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी ली गई। अब तक सखी केन्द्र को कुल 1986 प्रकरण प्राप्त हुए है। जिसमें से 1944 प्रकरणो का सफ लतापूर्वक निराकरण किया जा चुका है। शेष 42 प्रकरण प्रक्रियाधीन है। तथा इनमें से 772 महिलाओं को आश्रय की सुविधा प्रदान की गई है। सखी में पीड़ित महिलाओ को 5 दिन आश्रय की सुविधा, पुलिस सहायता, चिकित्सा सहायता, विधिक सहायता प्रदान किया जाता है। सदस्य के द्वारा केन्द्र में आये प्रकरण की जानकारी लेते हुए प्रकरण अनुरूप उचित मार्गदर्शन किया गया एवं निरीक्षण के दौरान सखी के आश्रय में रूकी भटकती अवस्था में प्राप्त प्रकरण में बुजुर्ग महिला से बातचीत कर पीड़िता की समस्या एवं सखी से प्राप्त हो रही सुविधा की जानकारी ली गई। सदस्य के द्वारा केन्द्र के कार्यो की सराहना की गई व समस्त स्टॉफ को बधाई एवं शुभकामना दी गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग चंद्रबेस सिंह सिसोदिया, परियोजना अधिकारी सूरजपुर, जिला संरक्षण अधिकारी नवा बिहान, केन्द्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर, एवं सखी वन स्टॉप सेंटर के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए त्रुटिहीन निर्वाचक नामावली बेहद जरूरी

निर्वाचन संबंधी बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने कहा

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

जिला प्रशासन द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत करते हुए आज बीएलओ और सुपरवाइजर को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। स्थानीय मैरिज पैलेस में आयोजित उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने कहा कि मतदाता सूची में त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगर निर्वाचक नामावली त्रुटिरहित है तो निर्वाचन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संभव हो सकेगा। इसके अलावा कलेक्टर ने प्रारंभिक प्रकाशन एवं अंतिम प्रकाशन, सर्वे फार्म की जानकारी, रूट चार्ट संबंधी समस्या एवं उनमें बदलाव जनसंख्या अनुपात जर्जर भवनों की जानकारी, मतदाताओं के विलोपन एवं मतदान केन्द्रों के युक्ति युक्तकरण के संबंध में जानकारी दी? एवं आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 18 वर्ष से ऊपर का एक भी व्यक्ति नहीं छूटना चाहिए, सबका नाम निर्वाचन नामावली में होना चाहिए साथ ही वृद्ध मतदाता जिनकी आयु 90 वर्ष से ऊपर है उनके लिए आवागमन की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा, निर्वाचन शाखा के पदाधिकारी मास्टर ट्रेनर्स सहित बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## कपिल शर्मा की फिरंगी ने इस ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर दी दस्तक

कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा की फिरंगी साल 2017 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब फिरंगी ने ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर दस्तक दे दी है। अगर आपने अभी तक इस फिल्म को नहीं देखा है तो अब घर बैठे इसे देख सकते हैं। 25 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिरंगी ने टिकट खिड़की पर महज 10.27 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। फिरंगी का निर्देशन राजीव ढींगरा ने किया था। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी थी। इसमें इशिता दत्ता और मोनिका गिल भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो कपिल को पिछली बार ज्विगाटो में देखा गया था, लेकिन यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस बुरी तरह पिटी थी।

## यूएस-यूके के टूर के लिए तैयार वाणी कपूर, कहा- भारत के लिए परफॉर्म करना गर्व की बात

**बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर दो ग्लोबल टूर की तैयारी कर रही हैं। इसमें तीन हफ्ते की अमेरिकी ट्रिप और यूके में कॉन्सर्ट शामिल हैं, जहां वह ऋतिक रोशन के साथ परफॉर्म करेंगी। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बेहतरीन साल रहा है क्योंकि मैंने इस साल की शुरुआत में अपना पहला यूएसए दौरा किया था, अब मैं अपने को-स्टार ऋतिक रोशन के साथ यूके टूर कर रही हूं।**

उन्होंने आगे कहा, मैं इंडियन आर्टिस्ट कम्युनिटी की प्राउड मेंबर हूं। मैं दुनिया के सामने भारत के लिए बेस्ट परफॉर्म करने की इच्छा रखती हूं। इसलिए, मैं हमेशा ग्लोबल टूर के लिए तैयार रहती हूं, जहां मैं अपनी पसंदीदा हिंदी फिल्मों और उनके म्यूजिक को ऑडियंस तक पहुंचा सकूं।

एक्ट्रेस के अलावा वाणी कपूर डांसर भी हैं, उन्होंने घुंघरू, नशे सी चढ़ गई, उड़े, दिल बेफिक्रे जैसे अपने चार्ट-बस्टिंग सॉन्स के माध्यम से बॉलीवुड के बेस्ट डांसर्स में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है।

स्टेज पर परफॉर्म करने के अपने शौक के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझे हमेशा अपनी फिल्मों के जरिए या स्टेज इवेंट्स के जरिए परफॉर्म करना और दर्शकों का मनोरंजन करना पसंद है। मैं हमेशा स्क्रीन पर या स्टेज पर अपना 100 प्रतिशत देना चाहती हूं और मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे अपने प्रयासों के लिए बहुत सारा प्यार मिला। एक्ट्रेस-डांसर ने कहा कि वह भाग्यशाली रही हैं कि उन्हें अपने करियर में अच्छे गाने मिले। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि उनके दुनिया भर में वायरल हिट उन्हें दर्शकों के साथ जल्दी जुड़ने में मदद करते हैं क्योंकि उनके कई गाने आमतौर पर भारतीय और दक्षिण एशिया में हिट हैं।

## ग्रीन ट्रांसपेरेंट साड़ी में अपने लुक से मौनी रॉय ने मचाई खलबली

### खुली जुल्फों से फैंस की यूं उड़ाई नींदें

**37 वर्षीय एक्ट्रेस मौनी रॉय अपने लेटेस्ट लुक को लेकर इन दिनों सुर्खियां बटोर रही हैं। हाल ही में मौनी रॉय ने अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसमें वह ग्रीन ट्रांसपेरेंट साड़ी में नजर आ रही है। साड़ी लुक में हॉट एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेस मौनी रॉय ने खलबली मचा दी है। हालिया तस्वीरों में मौनी रॉय ने अपनी खुली जुल्फों से फैंस की नींदें तक उड़ा दी है और उनकी ये तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रहा है।**

37 वर्षीय एक्ट्रेस मौनी रॉय एक्टिंग के साथ-साथ अपने स्टाइलिश लुक्स को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। टीवी की दुनिया से लेकर बॉलीवुड तक मौनी रॉय ने अपने हॉट एंड ब्यूटीफुल लुक से एक बार फिर खलबली मचा दी है। हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खूबसूरत लुक के साथ तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्में देखकर फैंस के होश तक उड़ गए। इन तस्वीरों में फैंस को मौनी रॉय का अंदाज बेहद पसंद आ रहा है और वो उनके लुक की जमकर तारीफ करते नजर आ रहे हैं। मौनी रॉय ने जो लेटेस्ट फोटोशूट कराया है उसमें वो ग्रीन एम्ब्रॉयडी वर्क की ट्रांसपेरेंट साड़ी में बला की खूबसूरत नजर आ रहीं हैं। ग्रीन साड़ी मे अप्सरा सी खूबसूरत लग रही मौनी रॉय कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आईं। एक्ट्रेस इन तस्वीरों में आंखें बंद करके अपनी जुल्फें संवार रही हैं, मौनी की इस ब्यूटी को देखकर फैंस अपना दिल हार बैठे। कजरारी आंखें...साड़ी का लहराता पल्लू के साथ सिंपल लुक्स में मौनी रॉय ने कुछ यूं लूटी ली महफिल। मौनी रॉय ने स्लीवलेस ब्लाउज, खुली जुल्फों और मिनिमल मेकअप में बेहद ह किलर लुक दे रही हैं। मौनी रॉय ग्रीम शिमरी साड़ी में इतनी हसीन लग रही हैं, उनकी तस्वीरों को देखकर आप भी अपना दिल हार जाएंगे।

## रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का ट्रेलर जारी, रणवीर-आलिया की जोड़ी ने जीता दिल

पिछले काफी समय से फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी चर्चा में है। फिल्म से जुड़ी आए दिन नई जानकारी सामने आ रही है। अब तक इसके कई पोस्टर जारी हो चुके हैं, जिन पर दर्शकों ने खूब प्यार लुटाया है। दर्शकों को फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार था, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है। ट्रेलर रिलीज होने की जानकारी फिल्म के निर्माता करण जौहर से लेकर इसके कलाकारों तक ने सोशल मीडिया पर दी है।

रणवीर सिंह और आलिया भट्ट दिल जीतने को तैयार हैं। उनके रोमांटिक सीन देख ऐसा लगता है मानों वे असल में एक-दूसरे के प्यार में हों।

दोनों शादी करना चाहते हैं, लेकिन उनका परिवार उनके रिश्ते में विलेन बना हुआ है। अब इस प्रेम कहानी का क्या अंत होगा, यह तो फिल्म की रिलीज के बाद ही पता चलेगा। खैर, जो भी हो, रॉकी बने रणवीर और रानी बनीं आलिया का अंदाज कुछ ऐसा है, जिससे नजरें नहीं हटती।

इस फिल्म के जरिए आलिया और रणवीर ने दूसरी बार साथ काम किया है। इससे पहले दोनों फिल्म गली बॉय के लिए साथ आए थे। फिल्म में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी हैं। धर्मेंद्र सालों बाद इसके जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। करण फिल्म में अपने चहिते निर्देशक यश चोपड़ा को श्रद्धांजलि देंगे। आलिया-रणवीर पर एक गाना फिल्माया गया है, जिसके जरिए यश को श्रद्धांजलि दी जाएगी। फिल्म 28 जुलाई को रिलीज हो रही है। धर्मा प्रोडक्शंस फिल्म के लिए वो करने वाला है, जो यशराज फिल्म्स पठान के लिए नहीं कर सका।

## वरुण धवन की बवाल का नया पोस्टर जारी

वरुण धवन की बवाल साल 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार जाह्नवी कपूर के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं। अब निर्माताओं ने बवाल का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें वरुण और जाह्नवी बेहद रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसके साथ टीजर की रिलीज तारीख भी सामने आ चुकी है। बवाल का टीजर बुधवार (5 जुलाई) को रिलीज किया जाएगा। वरुण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर बवाल का नया पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, तुम प्यार करने देते तो तुम्हें कितना प्यार करते। यह फिल्म 21 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने के लिए तैयार है।

## आयुष्मान खुराना का नया गाना रातां कालियां रिलीज




आयुष्मान खुराना पिछले कुछ दिनों से अपने नाए गाने को लेकर प्रशंसकों के बीच में छाए हुए हैं। इस गाने का नाम रातां कालियां है, जिसे आयुष्मान ने अपनी आवाज दी है। अब रातां कालियां मंगलवार को रिलीज हो चुका है, जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद भी किया जा रहा है। इसके बोल गुरप्रीत सैनी व गौतम शर्मा ने लिखे हैं, जबकि रातां कालियां की धुन तैयार की है आयुष्मान के पसंदीदा संगीतकार रोचक कोहली ने।

आयुष्मान ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर रातां कालियां गाना साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मेरे दिल का यह छोटा सा टुकड़ा आज से तुम्हारा है। बिल्कुल नया ट्रैक अब रिलीज हो गया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो आयुष्मान आने वाले दिनों में ड्रीम गर्ल 2 में अभिनय करते नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार अनन्या पांडे के साथ बनी है। यह फिल्म 25 अगस्त, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

गाने के बारे में बात करते हुए, आयुष्मान ने कहा, यह गाना भावनाओं के सार को दर्शाता है और मुझे उम्मीद है कि यह लोगों की प्लेलिस्ट का एक पसंदीदा हिस्सा बन जाएगा। मेरे बचपन के दोस्त रोचक कोहली के साथ काम करना हमेशा खुशी की बात रही है। उन्होंने आगे उल्लेख किया, जब संगीत की बात आती है तो वह मेरा घर है।

# खेल

## विमेंस ऐशेज...रोमांचक मुकाबले में 3 रन से जीता इंग्लैंड:31 टी-20 बाद हारा ऑस्ट्रेलिया

**लंदन।** विमेंस ऐशेज सीरीज के रोमांचक टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 3 रन से हरा दिया। टीम 31 टी-20 मैचों के बाद कोई मुकाबला हारी है। बुधवार को लंदन के द ओवल मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को आखिरी ओवर में 20 रन चाहिए थे। टीम ने शुरुआती 3 गेंदों पर 2 ही रन बनाने में एक विकेट गंवा दिया।

अब 3 गेंदों पर 18 रन चाहिए थे, यहां बैटर एलिस पेरी ने 2 रन लिए और आखिरी 2 गेंदों पर 2 छक्के लगा दिए। लेकिन 2 छक्के भी टीम की जीत के लिए काफी नहीं थे और ऑस्ट्रेलिया 3 रन के अंतर से मुकाबला हार गया।

इंग्लैंड से 76 रन बनाने वाली डैनी व्याट प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। एलिस पेरी ने 27 गेंद पर 51 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद इंग्लैंड की टीम विमेंश ऐशेज में बनी हुई। फिलहाल ऑस्ट्रेलिया 6-2 से लीड कर रहा है, वहीं सीरीज में एक टी-20 और 3 वनडे बाकी हैं।

### 27 महीने बाद टी-20 हारी ऑस्ट्रेलिया विमेंस टीम

ऑस्ट्रेलिया विमेंस टीम टी-20 में टारगेट चेज करते हुए 3 साल 3 महीने बाद हारी है। टीम को पिछली हार भारत के खिलाफ फरवरी 2020 में टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान मिली थी। टीम किसी टी-20 मैच में भी 31 मैच बाद हारी है। टीम को आखिरी हार न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 मार्च 2021 को मिली थी। तब टीम 4 विकेट से मैच हार गई थी।

31 मुकाबलों में से 23 में टीम को जीत मिली। टीम का एक मुकाबला भारत के खिलाफ टाई रहा, वहीं 5 मैच बेनतीजा रहे। इस दौरान टीम के 2 मुकाबले रद्द भी किए गए। ऑस्ट्रेलिया टीम इंग्लैंड के खिलाफ भी 4 साल 6 महीने बाद टी-20 मैच हारी है। टीम को आखिरी हार जनवरी 2019 में मिली थी।

### इंग्लैंड को मिली तेज शुरुआत

लंदन के द ओवल मैदान पर टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड को सोफिया डंकली और डैनी व्याट ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 6.4 ओवर में 57 रन जोड़े। डंकली 23 रन बनाकर आउट हुईं। नंबर-3 पर उतरीं नैटली सीवर ब्रंट ने व्याट के साथ 43 रन जोड़े और टीम का स्कोर 100 तक पहुंचाया।

### इंग्लैंड ने 19 रन बनाने में 5 विकेट गंवाए

इंग्लैंड का स्कोर एक समय 100 रन पर एक विकेट था। लेकिन टीम ने अगले 19 रन बनाने में ही 5 विकेट गंवा दिए और टीम का स्कोर 119/6 हो गया। यहां व्याट ने 46 गेंद पर 76 रन बनाए और टीम को 150 के पार पहुंचाया। आखिर में सोफी एक्लेस्टन ने 22 और सारा ग्लेन ने तेजी से 10 रन बनाए। दोनों ने टीम का स्कोर 20 ओवर में 9 विकेट पर 186 रन कर दिया।

### एक नजर

## विलियमसन ICC टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 बने

### स्टीव स्मिथ नंबर-2 पर पहुंचे; टॉप-5 बैटर में 3 ऑस्ट्रेलियाई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ताजा प्लेयर रैंकिंग जारी की। ताजा टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन नंबर-1 रैंक पर आ गए हैं। विलियमसन अगस्त 2021 के बाद पहली बार नंबर-1 पोजिशन पर पहुंचे हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को 3 स्थान का फायदा हुआ है। बैटिंग रैंकिग के टॉप-4 पायदान पर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का दबदबा है। इनमें स्मिथ दूसरे, तीसरे पर ट्रेविस हेड और चौथे नंबर पर मार्नस लाबुशेन हैं। टॉप-10 बैटर्स रैंकिंग में केवल एक भारतीय खिलाड़ी ऋषभ पंत हैं। वह 10वें नंबर पर हैं। ऐशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में स्टीव स्मिथ ने शतक जड़ा था। यह शतक पहली पारी में आया, तब उन्होंने 184 बॉल में 110 रन बनाए थे। वहीं, लाबुशेन ने लॉर्ड्स में 47 और 30 रन का योगदान दिया, जबकि हेड ने पहली पारी में 73 गेंदों पर 77 रन बनाए। ख्वाजा ने दूसरी पारी में एक अर्धशतक जमाया था। इस कारण इन खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा हुआ।

## गुरप्रीत संधू ने पेनल्टी शूटआउट में गोल रोका

### बाईं तरफ छलांग लगाकर गोल बचाया; शूटआउट में 5-4 से जीती टीम

**बेंगलुरु।** भारत ने साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैम्पियनशिप जीत ली है। टीम ने फाइनल में कुवैत को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। टीम इंडिया ने 9वीं बार यह टाइटल जीता है। टीम की जीत के हीरो रहे गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू। उन्होंने आखिरी पलों में जंप मारते हुए गेंद को गोलपोस्ट में जाने से रोक कर भारत को एक गोल के अंतर से जीत दिलाई। दरअसल फुल टाइम और एक्स्ट्रा टाइम के बाद भी मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा था। वहीं पेनल्टी शूटआउट में दोनों टीमों को मिले 5-5 मौकों के बाद स्कोर 4-4 की बराबरी पर रहा। इसके बाद विजेता का फाइनल सडन डेथ में हुआ। संधू ने कुवैत के छठे प्रयास को रोक दिया और टीम को 9वीं बार चैम्पियन बना दिया। सडन डेथ में भारत की ओर से महेश सिंह ने टॉप राइट कार्नर पर गोल कर भारत को बढ़त दिला दी और स्कोर 5-4 हो गया। वहीं कुवैत की ओर से सडन डेथ में पेनल्टी शूटआउट के लिए अल इब्राहिम आए। भारत से बचाव करने के लिए गुरप्रीत सिंह संधू आए। उन्होंने अपने बाईं तरफ हवा में उछल कर बॉल को गोलपोस्ट में जाने से रोक दिया। गेंद उनके हाथ से लगकर गोलपोस्ट के बाहर चली गई।

## नोवाक जोकोविच ग्रैंड स्लैम में 350वां मैच जीते

### विंबलडन में तीसरे दिन इगा स्वातेक की आसान जीत; सितसिपास-मरे दूसरे राउंड में भिड़ेंगे

**लंदन।** विम्बलडन के तीसरे दिन सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को हरा कर ग्रैंड स्लैम में अपनी 350वीं जीत हासिल की। जोकोविच रोजर फेडरर और सेरेना विलियम्स के बाद स्लैम में 350 जीत तक पहुंचने वाले तीसरे ही खिलाड़ी हैं।

दूसरी ओर विमेंस सिंगल्स में टॉप सीड इगा स्वातेक ने आसान जीत हासिल की। उन्होंने स्पेन की सोरबेज तोरमो को लगातार 2 सेट में 6-2, 6-0 से हराया। वहीं ग्रीक के खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को भी जीत मिली। उनका अगला मुकाबला दो बार के विम्बलडन चैम्पियन एंडी मरे से होगा।

इगा स्वातेक फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन जीत चुकी हैं। लेकिन अब तक विम्बलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन नहीं जीत सकीं।

### जोकोविच लगातार तीन सेट में जीते

डिफेंडिंग चैम्पियन नोवाक जोकोविच को थॉम्पसन ने चुनौतीपूर्ण गेम दिया। हालांकि, जोकोविच ने शानदार गेम खेलते हुए 6-3, 7-6(4), 7-5 से जीत हासिल कर तीसरे दौर में प्रवेश किया। 70वीं रैंक के थॉम्पसन, दूसरे सेट के आखिरी समय में मैच को बराबरी पर लाने से दो पॉइंट पीछे थे, लेकिन जोकोविच ने सेट जीत लिया। पांचवीं रैंकिंग वाले टेनिस स्टार स्टेफानोस सितसिपास को ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम को हराने के लिए दो दिनों में लगभग चार घंटे और पांच सेट तक मेहनत करनी पड़ी। आखिर में सितसिपास ने 3-6, 7-6(1), 6-2, 6-7(5) से चार सेट में टाई किया। इसके बाद पांचवें सेट में 7-6(8) से जीत दर्ज की।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की टी-20 टीम का ऐलान, हार्दिक पंड्या कप्तान, तिलक वर्मा को मौका, रिंकू सिंह को जगह नहीं

वेस्टइंडीज दौरे पर 3 अगस्त से होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। हार्दिक पंड्या को कप्तानी सौंपी गई। सूर्यकुमार यादव को उप कप्तान बनाया गया है। सीनियर प्लेयर्स में विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा को आराम दिया गया है। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी टीम का हिस्सा नहीं हैं।

मुंबई इंडियंस से IPL खेलने वाले 20 साल के लेफ्टी बैटर तिलक वर्मा को पहली बार भारतीय टीम में मौका मिला। दूसरी ओर IPL 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के टॉप स्कोरर रहे रिंकू सिंह को टीम में जगह नहीं मिली।

### संजू सैमसन की वापसी

केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने वनडे के बाद टी-20 में भी वापसी कर ली है। संजू ने भारत के लिए आखिरी मुकाबला इसी साल जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। इसके बाद वह चोटिल हो गए और अब 7 महीने बाद फिर टीम में वापसी की।

बैटर्स में तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल और बॉलर्स में मुकेश कुमार को पहली बार टी-20 स्क्वॉड में शामिल किया गया। इन तीनों प्लेयर्स के पास इंटरनेशनल डेब्यू करने का मौका है।

पिछले साल फरवरी में भी वेस्टइंडीज ने भारत का दौरा किया था। इस दौरान आवेश खान और रवि बिश्नोई ने अपना टी-20 डेब्यू किया था। दोनों को अब फिर से टीम में शामिल किया गया है।

### कलेक्टर ने लिया महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी कार्यकर्ता के पदों की भर्ती के नियुक्ति आदेश शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज महिला व बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी कार्यकर्ता के पदों पर भर्ती प्रक्रिया की परियोजनावार जानकारी ली। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया समय अवधि में पूर्ण कर नियुक्ति आदेश शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला व बाल विकास विभाग अरुण पाण्डेय, सीडीपीओ और सुपरवाईजर्स शामिल हुए।

कलेक्टर ने जिले में अति गंभीर कुपोषित बच्चों की जानकारी ली एवं माता पिता सहित स्थानीय प्रतिनिधियों को जागरूक कर बच्चों को सुपोषित सहभागिता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में भोजन की गुणवत्ताएं बच्चों की उपस्थिति, आंगनवाड़ी केंद्र के खुलने एवं बंद होने की व्यवस्था शत प्रतिशत करने कहा। कलेक्टर ने जिन बच्चों के हृदय में छेद है और उनके अभिभावक इलाज कराने में डर रहे हैं। उन्हें समझाइश देकर इलाज कराने हेतु प्रेरित करें जिन्हें चिरायु द्वारा इलाज कराया जाएगा। उन्होंने परियोजनावार आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पानी व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था, विद्युतीकरण, एवं साफ-सफ ई व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली पहुंचना संभव नहीं है ऐसे आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची उपलब्ध कराने कहा जिससे सोलर लाइट की व्यवस्था किया जा सके। उन्होंने जो आंगनबाड़ी केंद्र जीर्ण, शीर्ण हो गए उन्हें मरम्मत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने जिले के सभी ब्लॉक में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र को नियमित समय पर खोलने तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी में बच्चों को गर्म भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण आहार में अंडा, रेडी टू इट दिए जा रहे हैं। जशपुर जिले में कुपोषण को हटाना है उन्होंने कहा कि बच्चों के परिजनों को भी पोषण युक्त आहार की जानकारी दें और उसका पालन करने प्रेरित करें। साथ ही साथ सुपोषण अभियान के तहत सुपोषण चौपाल आयोजित करने के लिए कहा, ताकि आमजनों तक सीधी जानकारी पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया जाए, जिससे गांव के लोगों से परिचय सके और वे खान-पान के प्रति जागरूक हो सके। कलेक्टर ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाईजर को चिरायु टीम के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चों को लाभ दिये जाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराते हुए चिन्हांकित बच्चों का एनआरसी के माध्यम से लाभ देने के लिए कहा है। उन्होंने बच्चों के स्किन डिसीज, दंत रोग, कान इंफेक्शन सहित अन्य रोग के संबंध में चिरायु टीम को जानकारी देने कहा है जिससे उसका उपचार किया जा सके। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की जानकारी ली तथा योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को देने के निर्देश दिए हैं।

# लोहे के धारदार हथियार से वार कर चोट पहुचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।

प्रार्थी संतोष साहू उम्र 54 साल साकिन वार्ड नंबर 06 इंदिरा आवास कालोनी मोहभट्ठा थाना व जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 03.07.2023 के रात्रि करीबन 09:30 बजे अपने घर के बाहर में अपने भतीजा के साथ बातचीत करते हुए खड़ा था प्रार्थी के घर के पास इसका भाई का भी घर मकान लगा हुआ है, इसके भाई के घर के सामने साहिल खान उर्फ मो अकबर द्वारा मोहल्ले के दो लोगो को गाली गुप्तार वाद विवाद कर रहे थे उसी समय वह तथा इसका भतीजा दोनों साहिल खान उर्फ मो. अकबर को हमारे घर के सामने गाली देने से मना किया कि प्रार्थी को तुम मना करने वाले कौन होते हो कहकर अपने हाथ में रखें धारदार लोहे का चाकू को लहरा रहा था, प्रार्थी एवं उसका भतीजा को अश्लील गालियां गुप्तार देकर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे लोहे के धारदार हथियार को लहराते हुए आज तुम्हें जान से मार डालूंगा कहकर हमला करते हुए प्रार्थी एवं उसका भतीजा को चोट पहुचाने कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 294,506,323,324 भादवि आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी साहिल खान उर्फ मो. अकबर से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार हथियार जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का घटित करना पाये जाने से प्रकरण में जोड़ा गया है। आरोपी साहिल खान उर्फ मोहम्मद अकबर पिता मोह. इब्राहीम खान उम्र 22 साल साकिन वार्ड नंबर 05 मोहमट्ठा थाना व जिला बेमेतरा को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, खेमलाल निषाद एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# एसडीएम जशपुर ने भागलपुर के मतदान केन्द्र का किया अवलोकन

* बीएलओ के एचटूएच सर्वे का निरीक्षण कर संतोषप्रद काम नहीं करने वाले को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**मतदान के संबंध में दी जानकारी, लोगों को किया जागरूक**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जशपुर एसडीएम श्यामा पटेल ने आज भागलपुर के मतदान केन्द्र 258 का अवलोकन किया। साथ ही बीएलओ के द्वारा बनाए गए एचटूएच सर्वे का निरीक्षण कर संतोषप्रद काम नहीं करने वाले बीएलओ को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दि हैं। उन्होंने मतदाता सूची में समान प्रविष्टि पाए जाने पर तहसील कार्यालय आ कर सुधरवाने के लिए कहा है। इस दौरान उन्होंने सभी ग्रामीणजनों को 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई तथा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए कहा गया और मतदान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

# पीव्हीसी आयुष्मान कार्ड वितरण अभियान का 07 जुलाई होगा शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार राज्य में 07 जुलाई 2023 को माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा रायपुर में 1 करोड़ पीव्हीसी आयुष्मान कार्ड वितरण अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है।

*जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आयुष्मान ग्राम सभा का आयोजन 07 जुलाई को

पूर्व पंजीकृत हितग्राहियों को नि:शुल्क पीव्हीसी आयुष्मान कार्ड सांकेतिक रूप से प्रदान किया जाएगा

*पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन करते हुए योजना के संबंध में दी जाएगी जानकारी

इसी तारतम्य में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने 07 जुलाई 2023 को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आयुष्मान ग्राम सभा का आयोजन करने के लिए कहा है जिसमें संबंधित खण्ड चिकित्सा अधिकारी अपने क्षेत्र के जनपंद पंचायत सीईओ से आपसी समन्वय स्थापित कर, आम नागरिकों को ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक तथा मितानिनों के माध्यम से संसुचित कर ग्राम सभा में उपस्थिति सुनिश्चित करायेगें। पंचायत सचिव, रोजगार सहायक भी अपना सहयोग देंगें। आयुष्मान ग्राम सभा में जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में आयुष्मान ग्राम सभा का आयोजन करते हुए जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन करते हुए योजना के संबंध में जानकारी प्रदाय की जाएगी। पूर्व पंजीकृत हितग्राहियों को नि:शुल्क पीव्हीसी आयुष्मान कार्ड सांकेतिक रूप से प्रदान किया जाएगा। योजना से संबंधित फेलेक्स, बेनर, पोस्टर, पम्पलेट इत्यादि से प्रचार-प्रसार कराना एवं ग्राम सभा में छूटे हुए हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु भेजे जाएंगे। 07 जुलाई 2023 को आयोजित प्रधानमंत्री महोदय के कार्यक्रम को जिले में प्राथमिकता से योजनान्तर्गत चयनित च्वाइस सेंटरों में लाइव टीवी स्ट्रीमिंग कर दिखाया जाएगा। लाइव टीवी स्ट्रीमिंग का समय व लिंक की जानकारी पृथक से दी जाएगी।

## एक नजर

### पत्थलगांव में स्कूल बस जांच शिविर का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़ - जशपुरनगर

परिवहन, यातायात पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पत्थलगांव में द्वितीय चरण में स्कूल बस जांच शिविर का आयोजन किया गया। पत्थलगांव के आस-पास के स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण एवं सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशानुसार 21 स्कूल बसों का जांच किया गया।

### हॉस्पिटैलिटी, गेस्टशिप एवं होटल मैनेजमेंटष् प्रशिक्षण हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक-युवतियों के लिए हॉस्पिटैलिटी, गेस्टशिप एवं होटल मैनेजमेंट में प्रशिक्षण योजनांतर्गत प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि वर्ष 2023-24 के लिये हॉस्पिटैलिटी, गेस्टशिप एवं होटल मैनेजमेंट में कैरियर बनाने की आकांक्षा रखने वाले प्रदेश के युवक-युवतियों से 20 जुलाई 2023 शाम 5 बजे तक पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्ते विभागी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा या सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण अंतर्गत कुल 100 अभ्यर्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्णकालिक होगा एवं प्रशिक्षण अवधि में अन्यत्र किसी नियमित पाठ्यक्रम व नौकरी व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होगी। यह प्रशिक्षण आवासीय है, प्रशिक्षण का पूर्ण व्यय विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। प्रशिक्षण में छात्रावास एवं मेस की सुविधा भी नि:शुल्क होगी। प्रशिक्षण उपरांत संस्था द्वारा जॉब प्लेसमेंट की प्रक्रिया के माध्यम से जॉब भी उपलब्ध करायी जाएगी।

### पीपीटी की प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन हेतु उड़नदस्ता नियुक्त

कन्ट्रोल रूम निर्मित कर कर्मचारियों की लगाई गई है ड्यूटी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

छतीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा पीपीटी की प्रवेश परीक्षा 9 जुलाई 2023 रविवार को पूर्वान्ह 9 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित की गई है। परीक्षा के सुचारू संचालन एवं केन्द्र में व्यवस्था बनाए रखने व अनुचित साधनों के रोकथाम तथा निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। जिसके अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी श्री पी.एल.मिरेंद्र, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोनबिर्रा संजीव खाखा एवं व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली तुलीका देवांगन को 4 परीक्षा केंद्र 2201 से 2204 के लिए उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। उक्त परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय कोरबा के कक्ष क्रमांक 06 वरिष्ठ लिपिक या परीक्षा शाखा में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारी,कर्मचारियों की ड्यूटी परीक्षा दिवस को प्रात: 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक के लिए लगाई गई है। जिसके अंतर्गत सहायक ग्रेड 2 शेख रिजवान जिला कार्यालय कोरबा तथा भृत्य सत्येंद्र जिला कार्यालय कोरबा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

### बैंक कैशियर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**कोरबा** । यूनियन बैंक के एक कैशियर पर महिला खाताधारक के साथ अमानत में खयानत करते हुए धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। शिकायत पर पुलिस ने कैशियर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। चैतमा पुलिस सहायता केंद्र अंतर्गत ग्राम भोडक़छार, पटपरा निवासी सुशीला बाई कंवर का बैंक खाता यूनियन बैंक शाखा चैतमा में संचालित है। बताया जा रहा हैं कि सुशीला ने 30 नवंबर 2022 को यूनियन बैंक आफ इंडिया की चैतमा शाखा में पहुंच कर 35 हजार रुपए नगद जमा कराया। इसके लिए बैंक गार्ड द्वारा जमा पर्ची भरी गयी। जमा पर्ची, पासबुक व नगदी रुपए लेकर वह कैशियर के पास जमा करने पहुंची। कैशियर ने रुपए जमा होने की पावती रसीद सुशीला को दे दी। रूपये की जरूरत पड़ने पर लगभग तीन माह बाद जब सुशीला बैंक गई और आहरण पर्ची भरकर कैशियर के पास पहुंची, तब उसे मालूम चला कि उसके खाता में पैसा नहीं है।

# एसडीएम सुरुचि सिंह ने प्राथमिक स्कूल पड़कीडीह का किया औचक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।

अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी सुरुचि सिंह बीते बुधवार को ग्राम पंचायत पड़कीडीह के प्राथमिक स्कूल पहुँची। निरीक्षण के दौरान स्कूल में संचालित मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जाँची जिसमें गम्भीर लापरवाही पाई गई। स्कूल की बालिका से मध्यान्ह भोजन में उपयोग किए गए बर्तन साफ करवाया जा रहा था।

वहीं पूड़ी बनाने हेतु उपयोग किये गए आटे के पैकेट में एक्सपायरी डेट जून 2023 अंकित पाया गया। शाला परिसर एवं भोजन कक्ष में साफ-सफाई संतोषजनक नही पाए जाने से संस्था प्रमुख को शाला व्यस्था दुरुस्त करने निर्देशित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी ने स्कूल के बच्चों से पठन-पाठन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को अच्छा वातावरण मिले। शिक्षक निर्धारित समय पर स्कूल आये। रसोई घर और खासकर शौचालय की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। मौसमी बीमारी को ध्यान में रखते हुए स्थानीय बीएमओ से समन्वय बनाकर बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जाँच कराये और अविभावकों को भी जागरूक करें।

# गंगालूर रीपा में मसाला उत्पादन का कार्य जोरो पर

जोहार छत्तीसगढ़ - बीजापुर।

महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) गंगालूर में मसाला उत्पादन का कार्य जोरो पर चल रहा है। स्थानीय गंगा महिला स्वसहायता समूह द्वारा हल्दी, मिर्च और धनिया पाउडर का निर्माण किया जा रहा है। 8 से 10 दिनों में करीब एक क्विंटल मसाला उत्पादन कर स्थानीय हाट-बाजार एंव बीजापुर शहर में स्थित छत्तीसगढ़ मार्ट (सी-मार्ट) में विक्रय के लिए उपलब्ध है। मसाला को दो प्रकार के पैकेट में तैयार किया गया है जिसमें 250 ग्राम एवं 500 ग्राम के पैकेट वर्तमान में उपलब्ध है। यह मसाला पूरी तरह से कैमिकल रहित है, स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बाजार में कई तरह के केमिकलयुक्त मसालों की तुलना मे बेहतर और स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

गंगा महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष बसंती पांडे एवं सचिव संध्या मांझी ने बताया कि समूह की 10 महिलाएं पूरी मेहनत और लगन से मसाला उत्पादन का कार्य कर रही है। स्थानीय स्तर पर उत्पादित यह मसाला मार्केट में मिलने वाली मसालों से बेहतर है और लोगो की मांग पर एवं सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू के निर्देशन में उत्पादन में वृद्धि करने का प्रयास किया जा रहा है और भी बेहतर ढंग से हम इस कार्य को करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें बहुत अच्छा लग रहा है कि हमारे गांव में ही इस तरह का कार्य मिल रहा है जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने के साथ ही एक सफल उद्यमी बनने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है और हम अपनी आर्थिक गतिविधि को गति प्रदान कर आत्मनिर्भर बनकर घर परिवार, बच्चों का सहारा बन सकेंगे, जिससे जीवन में खुशहाली आएगी।

# बिजली की आंख मिचौली से कुसमी नगरवासी परेशान, विभाग के कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते

जोहार छत्तीसगढ़ - कुसमी।

बिजली की लगातार आंख मिचौली से इन दिनों विकासखंड कुसमी के ग्राम सहित नगर वासियों की नींद हराम हो गई है। लोगों की यह भी शिकायत है कि विद्युत विभाग के कर्मचारी फोन नहीं उठाते और वही कभी कभी ऑफिस में फोन नहीं लगता है फोन उठाने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है लाइट सप्लाई जल्दी हो जाएगा करके फोन काट दिया जाता है, विभाग की लचर व्यवस्था से लोगों को सही तरीके से बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही है। विभाग के इस अव्यवस्था से जहां आम जन परेशान हैं वहीं व्यवसाई भी नाराज हैं। मौसम में उमस होने से परेशानी और भी ज्यादा भयावह होने लगी है थोड़े से आंधी तूफान और हल्की बारिश में ही कई घंटों तक विद्युत सप्लाई बंद रहती है, जिससे अंदेशा लगाया जा सकता है कि बिजली विभाग के कर्मचारी जमीनी स्तर पर कितने हद तक मजबूती से मुस्तैद हैं। बिजली की आंख मिचौली से रोजमर्रा की जिंदगी पटरी से उतरने लगी है। लेकिन लगता है बिजली विभाग समस्या से लोगों को निजात दिलाने को गंभीर ।

### कौन सुनेगा किसको सुनाएं

नगर में बिजली व्यवस्था लंबे समय से ठीक हिसाब से नहीं चल रही है चाहे जर्जर झूलते तारों की बात हो या जर्जर ट्रांसफार्मरों की। इन विषयों पर कभी विभाग संजीदा नजर नहीं आता ,सुधार के नाम पर काम चलाऊ मरम्मत की परंपरा के चलते अब लंबे समय तक की कटौती बड़ी समस्या बन चुकी है। मुश्किल यह है कि कर्मचारी और अधिकारी बिजली की व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं हैं ऐसे में लोग यही कह रहे हैं कौन सुनेगा किसको सुनाएं वाली कहावत चरितार्थ हो रही है।

### पखवाड़े भर से बढ़ी समस्या

ज्ञात हो कि पखवाड़े भर से अधिक समय हो रही विद्युत कटौती से नगरवासियों का जीना मुहाल कर रखा है और बिजली बंद होने से नगर वासियों को पानी की भी दिक्कतें होती हैं ऐसे में विद्युत विभाग के कर्मचारियों अधिकारी को इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए और प्रयास की आवश्यकता है ।

### सुविधा में पीछे , लेकिन बिल लेने में आगे

बिजली विभाग द्वारा मार्च माह से पहले अपने बकाया राशि की वसूली को लेकर ज्यादा ध्यान देती है ,इसके बाद उपभोक्ता की सुविधा को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है |बलरामपुर जिले में करीब 500 से अधिक ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं उसमें 25 से 30 फ़ीसदी में लाइन लाश बना है इस लापरवाही के कारण जिले में करोड रुपए बिजली बिल बकाया पड़ा है वहीं बिजली की अवैध कटौती रखरखाव के नाम पर की जा रही है वहीं सैकड़ों गांव अंधेरे में पड़े हैं। शहर में तो अति कर रखा है एक पंखा और बल्ब का हजारों में बिजली बिल आ रहा है वही विकासखंड के विभिन्न स्थानों में ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है जिसका रखरखाव नहीं हो पा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी है।

### ग्रामीण क्षेत्रों का ज्यादा बुरा हाल

*कुसमी नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है ग्रामीण क्षेत्र के रहवासी आए दिन विद्युत कटौती की परेशानियों को झेल रहे हैं वही उमस भरी गर्मी परेशान किए हुए हैं तो दूसरी ओर मच्छर सोने नहीं दे रहे हैं वहीं महामारी का भय भी फैला हुआ है। लोग बीमार भी हो रहे हैं जिस के संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को रहवासियों द्वारा बार-बार मौखिक तौर पर खराब पड़े ट्रांसफार्मर इत्यादि को बदलने के संबंध में अवगत भी कराया जा रहा है इसके बावजूद भी कार्यवाही बहुत ही धीरे-धीरे हो रही है।*

> “ मैं अभी नया नया आया हूं बिजली की लचर व्यवस्था को सुधारने में पूरा प्रयास करूंगा।
>
> रेखा राम साहू (सहायक अभियंता)

## एक नजर

### आयुष्मान कार्ड बनाने महाअभियान आज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन महाअभियान 7 जुलाई 2023 को जिले के सभी नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है। महाभियान में जिले के सभी शहरी क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों, ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम व ग्राम पंचायतों में, जिले के सभी स्कूलों सहित सभी च्वाईस सेंटरों में प्रात: 8 बजे से सायं 6 बजे तक आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। अभियान की सफलता के लिए 3 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई है। आयुष्मान कार्ड के लिए राशन कार्डधारी सभी परिवार पात्र होगें। महाअभियान में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड जारी करने के उद्देश्य से हितग्राहियों को शिविर स्थल में राशन कार्ड एवं आधार कार्ड, आधार से लिंक वाली मोबाईल नम्बर के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार महाअभियान शिविर में शिविर स्थल पर हितग्राहियों को लाने के लिये क्षेत्र के मितानिन को जिम्मेदारी दी गई हैं। ऐसे हितग्राही जिनका अब तक आयुष्मान कार्ड नही बन पाया है, वे महाभियान के दिन अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन करवा सकते हैं। इस हेतु हितग्राही नजदीक के रोजगार सहायक, सचिव, स्कूल के शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता अथवा च्वाईस सेंटर एवं जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रो तथा पंजीकृत निजी चिकित्सालय में आवश्यक दस्तावेज राशनकार्ड एवं अपडेटेड आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर आयुष्मान कार्ड नि:शुल्क बनवा सकते हैं, जिसका नि:शुल्क पीव्हीसी कार्ड राज्य स्तर से हितग्राही को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 104 जारी किया गया है, जिसके माध्यम से आमजन आयुष्मान कार्ड पंजीयन संबंधी किसी प्रकार की शिकायत अथवा असुविधा के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना से संबंधित अधिक जानकारी अथवा शिकायत के लिये हेल्प लाईन टोल फ्री नम्बर 104 अथवा 14555 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अथवा शासकीय एवं निजी पंजीकृत अस्पताल में उपस्थित होकर आयुष्मान मित्र से संपर्क किया जा सकता है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत जिले में 46 शासकीय चिकित्सालय एवं 17 निजी चिकित्सालय पंजीकृत है।

### रीपा उत्पादों के क्रय विक्रय को लेकर चेंबर ऑफकॉमर्स के प्रतिनिधियों से हुई चर्चा

जोहर छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा के उत्पादों के क्रय विक्रय के लिए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला इकाई सारंगढ़ बिलाईगढ़ के प्रतिनिधियों के साथ नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने बैठक ली। जनपद पंचायत सारंगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में रीपा योजना की चर्चा की गई। जिसमें सभी प्रतिनिधियों ने सहमति दी और रीपा केंद्र का भ्रमण निरीक्षण और उत्पादों के अवलोकन हेतु जाने की रूपरेखा तैयार की। उल्लेखनीय है कि जिले के छिंद गोडम बेलटिकरी आदि रीपा केंद्रों में घरेलू और व्यावसायिक उत्पादों का उत्पादन किया जा रहा है। इन उत्पादों के विक्रय के लिए जिला प्रशासन द्वारा सारबिला सी मार्ट छत्तीसगढ़िया मॉल की शुरुआत की गई है। इस विक्रय केंद्र के माध्यम से जिले के उत्पादों को क्रय कर स्व सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने की पहल जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 11 को

**कोरबा** । जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आगामी 11 जुलाई 2023 को शाम 04 बजे कलेक्टर श्री संजीव झा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जलाशयों में उपलब्ध जल की मात्रा, वर्ष 2023-24 में खरीफएवं रबी सिंचाई का लक्ष्य, खाद, बीज की उपलब्धता तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने समिति के सभी सदस्यों से उक्त बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# कलेक्टर ने जिले के राइस मिलर्स की ली बैठक

*समय में चावल जमा करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के धान उठाव उपरांत चावल जमा करने के संबंध में जिले के राइस मिलर्स की बैठक ली। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, नागरिक आपूर्ति एवं जिले के राइस मिलर्स बैठक में शामिल हुए। कलेक्टर ने बैठक में एफसीआई एवं नान में चावल जमा करने की समीक्षा की एवं समय में चावल जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय पर चावल जमा नहीं करने वाले राइस मिलर्स पर करवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने राइस मिलर्स के परिवहन बारदाना भुगतान आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की। एफसीआई एवं नान में जमा बरदाना मिलर्स की परेशानियों को ध्यान से सुनकर संबंधित विभाग को समस्याओं का निराकरण करने निर्देश दिए।

सफलता की कहानी

# मिर्च की खेती बनी आजीविका का स्रोत

मनोरा में उजाला स्व.सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं मिर्च की खेती

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीब महिलाओं को एक स्व सहायता समूह के रूप में संगठित किया जा रहा है साथ ही उन्हें प्रेरित कर क्षमतावर्धन आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। आज महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुड़कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर होते हुए अपने सपने के पंख का स्वरूप देकर नई उड़ान की ओर तैयार हैं। इन महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य शासन और जिला प्रशासन के द्वारा हर सम्भव प्रयास किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में

**अब तक 8 क्विंटल मिर्च बिक्री से 64 हजार रुपये की हुई है आमदनी**

ग्राम पंचायत मनोरा में उजाला स्व.सहायता समूह की महिलाएं मिर्च की खेती कर रही है। बेरोजगार से स्व.रोजगार की राह में चल पड़े हैं। समूह की महिलाएं मिर्च की खेती करके अपने परिवार के पालन-पोषण में सहयोग कर पा रही है। उत्पादित मिर्च का स्थानीय बाजार सहित जिले के बाहर भी मांग अनुसार विक्रय के लिए भेजा जाता है। महिलाएं अब तक 8 क्विंटल मिर्च बिक्री कर चुके है। जिसके विक्रय से 64 हजार रुपये की आमदनी हुई है। खेतों में अब भी मिर्ची विक्रय हेतु शेष हैं।

# सूचना मिलते ही सीएमएचओ नेत्र वार्ड पहुंचे, बंद व्यक्ति को बाहर निकाला गया

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

** आंख का ईलाज कराने आया मरीज ने ओपीडी में पंजीयन नहीं कराया था ,जांच उपरांत व्यक्ति नशे में था*

**5 जुलाई 2023 को कोई मरीज को वार्ड में भर्ती नहीं किया गया था*

मीडिया में प्रकाशित आंख का ईलाज कराने आया था मरीज, कर्मचारियों ने उसे कमरे में बंद कर दिया 24 घंटे प्यास से तड़पता रहा मरीज, फि र शुरू हुआ हंगामा। पीड़ित व्यक्ति मंगलवार को आंख का ऑपरेशन के बाद रूटीन जांच हेतु आया जो कि नींद लगने के कारण वार्ड में सो गया था, जो कि 24 घंटे से नेत्र विभाग में भूखे प्यासे बंद रहा, उल्लेख किया गया है कि इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग जशपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीए जिला जशपुर खबर की सूचना प्राप्त होने पश्चात तत्काल नेत्र वार्ड के पास उपस्थित हुए, जिनकी उपस्थिति में नेत्र वार्ड का ताला खोलकर उक्त व्यक्ति को बाहर निकाला गया जिसका एम.एल.सी., मुलाहिजा डयूटीरत चिकित्सक डॉ. लक्ष्मीकांत ऑपट चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किया गया तब पता चला कि उक्त व्यक्ति का नाम हिरन साय है चिकित्सक के द्वारा जांच किए जाने पर पता चला कि व्यक्ति नशे में था। वेब न्यूज़ खबर में यह बताया गया है कि वह आंख के संबंध में चिकित्सक को दिखाने के लिए आया था। किंतु उक्त व्यक्ति नाम न ही ओपीडी. पंजीयन और न ही आई.पी.डी. पंजीयन में दर्ज है तथा न ही उक्त व्यक्ति के द्वारा आंख के संबंध में चिकित्सक से मुलाकात की गई है।

नेत्र विभाग प्रभारी के द्वारा बताया गया कि दिनांक 5 जुलाई 2023 को कोई मरीज को वार्ड में भर्ती भी नहीं किया गया था। चिकित्सक के द्वारा यह भी बताया गया कि सफ-ईकर्मी के द्वारा सुबह 8.30 बजे तथा दोपहर 1.00 बजे सफाई की गई थी उस समय नेत्र वार्ड में कोई नहीं था। सफाई कार्य पूर्ण होने पश्चात् नेत्र वार्ड को कर्मी के द्वारा 1.30 बजे बंद किया गया। मुलाहिजा के बाद थाना प्रभारी सिटी कोतवाली जशपुर में उक्त संबंधित व्यक्ति के घुसने तथा व्यक्ति के नशे में होने की सूचना दिनांक 05 जुलाई 2023 को समय 7.55 बजे भेज दी गई है।

# बारिश का फायदा लेने में जुटे किसान, धान की खेती जोरों पर

जोहार छत्तीसगढ़ - कुसमी।

बारिश ना होने के कारण खरीफ यानी धान की खेती करने वाले किसान चाहते हुए भी असहाय बने थे कारण जमीन में नमी ना होने से खेत की जुताई संभव नहीं हो पा रही थी जबकि उन्हें जून माह के प्रथम सप्ताह में ही धान की नर्सरी कर डालनी थी आज गुरुवार को हुई बारिश से किसानों में बहुत राहत हुई है व खेती की जुताई करके उसे तैयार कर लेंगे जिस रोपाई के समय किसानों को कठिनाई नहीं होगी। बलरामपुर जिले में किसान प्रमुख रूप से धान की खेती करते हैं खरीफ के सीजन में लगभग कुसमी विकासखंड में 30 से 35 लाख हेक्टेयर भूमि पर किसान धान की खेती करते हैं अगर समय से बारिश हो जाए तो मई माह के दूसरे सप्ताह से किसान खेती की जुताई करके उसे तैयार करने में जुट जाते हैं समय से खेत की जुताई होने से पुराने खरपतवार धूप में जलकर नष्ट हो जाते हैं वहीं आकर खरपतवार का जमा हो जाता है जिससे रोपाई से पहले जूता ही करके किसान नष्ट कर देते हैं लेकिन अप्रैल और महिमा में कई दिन बीत जाने के बाद बारिश शुरु हुई है कुछ इलाकों में कम तो कहीं कहीं अधिक बारिश हुई है जिससे किसानों को राहत मिली है बारिश के बाद वह खुश हो गए हैं अब खेत की जुताई हो जाएगी जिससे वह खेत को तैयार करके धान की नर्सरी डाल सकेंगे वहीं सब्जी की खेती करने वाले किसान भी अब जुताई करके सब्जी की खेती कर सकेंगे , कटिमा क्षेत्र के किसान विजय गुप्ता , सत्येंद्र उरांव ,बिगन लोहार इत्यादि ने बताया कि बारिश पहले ही गिर जाना चाहिए था लेकिन लेट लतीफ से बारिश आने के बाद भी खेती संभव हो जाएगा।

उप संचालक कृषि बलरामपुर शिवकुमार प्रसाद ने बताया कि बारिश इसी मौसम में आता है फिलहाल अभी बीते वर्ष के अपेक्षा कम बारिश हुई है शासन के द्वाराआकस्मिक कार्य योजना बनाए जाने की चर्चा हो रही है जैसा निर्देश होगा तो उसका पालन किया जाएगा जो किसानों के हित में होगा।

# प्रशासन तुंहर द्वार अभियान ग्राम पंचायत चारपारा में हुआ शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़- जांजगीर चांपा।

**शिविर में कुल 123 आवेदन हुए प्राप्त**

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले आमनागरिकों की शिकायतों, समस्याओं आदि के निराकरण के लिए विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर लोंगो के नजदीक पहुंचते हुए प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजन से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज जिले के विकासखंड बलौदा के ग्राम पंचायत चारपारा में प्रशासन तुंहर द्वार अभियान शिविर का आयोजन किया गया। प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में कुल 123 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में 20 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में पंचायत विभाग के 52ए राजस्व विभाग के 17, शिक्षा विभाग के 8, विद्युत विभाग के 11, खाद्य विभाग के 23, महिला एवं बाल विकास विभाग के 2, वन विभाग के 1 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर सदस्य भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल मंजू सिंह, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष नम्रता कन्हैया राठौर, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष कन्हैया राठौर, जनपद सदस्य, संबंधित

ग्राम पंचायत सरपंच, विभिन्न जनप्रतिनिधि, एसडीएम विक्रांत अंचल, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत बिर्रा में 13 जूलाई को होगा प्रशासन तुंहर द्वार शिविर का आयोजन

इसी प्रकार 13 जूलाई को बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत बिर्रा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 20 जुलाई को पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत रसौटा में, 27 जुलाई को अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत तरौद में, 3 अगस्त को नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत हरदी में 10 अगस्त को बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत बसंतपुर में, 17 अगस्त को बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत चोरिया में, 24 अगस्त को पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कोसला में और 31 अगस्त को अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत मधुवा में प्रशासन तुहंर द्वार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत के नागरिकों से शिविर में शामिल होकर ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की गई है।

# सैकड़ों संविदा कर्मियों ने गवाई कोरोना काल में अपनी जान, नहीं मिल पाई उनके परिवार को न्याय

## आमरण अनशन एवं भूख हड़ताल को मजबूर हुए संविदा कर्मी

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

छ.ग. सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले जिले के सर्व संविदा कर्मचारी और अधिकारी 3 अप्रैल 2023 से हड़ताल पर हैं। कर्मचारी संघ की एक ही मांग नियमितीकरण है। अधिकारी कर्मचारियों के हड़ताल का आज चौथा दिन है जिससे जिले में 54 विभागों का कार्य प्रभावित होने का अनुमान है।

प्रतिदिन जिले में हजारों लोगों को शासन का लाभ एवं रोजगार मिलता था। लेकिन हड़ताल के चलते कार्य पूरी तरह से बंद है। जिला संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया गया था कि हमारी सरकार बनते ही 10 दिन में सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित कर दिया जाएगा। सत्ता में आने के बाद अब साढ़े 4 साल बीत जाने के बाद भी संविदा कर्मचारी को नियमित नहीं किया गया है। जिला संयोजक ने बताया कि आज 4 जुलाई को 51 साथियो के द्वारा घोषणा पत्र की याद दिलाने के लिये कर्मचारियों के द्वारा एक दिवसीय आमरण अनशन/भूख हड़ताल किया जा रहा है। सरकार फिर भी नहीं मानी तो अनिश्चितकालीन आमरण अनशनध्भूख हड़ताल किया जावेगा। जब प्रदेश में था रोजगार का संकट तब इन्हीं संविदाकर्मी ने थामे रखा प्रदेश की नब्ज कोरोना कर्मी सर्व संविदा कर्मचारी महासंघ के जिला मीडिया प्रभारी गणेश यादव ने संविदा कर्मचारियों का व्यथा सुनाते हुए कहा कोरोनाकाल में हमारे सैकड़ों संविदा कर्मचारियों ने सेवा करते जान गवाई, इनके परिवार आज भी न्याय के इंतजार में है। कोरोना काल में जब कोई भी सामने नहीं आ रहा था उस संकट के दौर में भी हमारे संविदा कर्मचारियों ने प्रदेश की नब्ज थामी थी। एक ओर स्वास्थ्य विभाग में संविदा में कार्यरत तमाम संविदा कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर अपना कर्म किया वहीं पंचायत विभाग में कार्यरत मनरेगा कर्मचारियों ने गांव-गांव में रोजगार देने के लिए लगे हुए थे और प्रदेश में रोजगार देने में पहला स्थान का महारत हासिल किए। कांटेक्ट ट्रेसिंग में अन्य सभी संविदा कर्मचारी की ड्यूटी भी लगी। इस दौरान सैकड़ों साथियों ने जान गवाई। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के जिला संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि इन संविदा कर्मचारियों के समर्पण, त्याग और बलिदान का भी सम्मान नहीं मिला। राष्ट्रीय स्तर पर कोरोना काल में बेहतर काम के लिए सरकार ने जरूर वाह वाही बटोर ली, महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृजलाल पटेल ने बताया कि कोरोना काल में सेवा देते हुए शहीद कर्मचारियों के परिवार को आज भी न्याय की दरकार है। किसी भी प्रकार का सम्मानजनक न अनुदान दिया गया और न ही परिवार को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई है। हम उन साथियों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने देंगे। महासंघ के महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मिली रानी कर एवं मनरेगा संघ के जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता व जिला प्रवक्ता तोपान सिंह दायमा, मनोज जायसवाल का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग में वैश्विक महामारी में हम लोग अपने जान जोखिम डाल कर निस्वार्थ भाव से प्राणों का परवाह किये बिना फ्रंट लाइन वर्कर के रूप कार्य किये, पंचायत विभाग के कर्मचारियों द्वारा ग्रामीण मजदूरों को गांव में काम देने के लिए हमारे 100 से अधिक रोजगार सहायक साथी बलिदान हुए। उनका परिवार आज भी न्याय की आश लगाए हुए हैं।

**रैली का आयोजन**- छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा जिला कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि 7 जुलाई 2023 समय दोपहर 1 बजे से केतका रोड़ रंगमंच मैदान से कार्यालय कलेक्ट्रेट तक विशाल रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को लाल अक्षर में लिखी हुई ज्ञापन सौंपा जायेगा। कार्यक्रम में आज जिला प्रवक्ता तोपान सिंह दायमा, संदीप नाम देव, राजेश दिवेदी, सखन राम आयाम,कार्यक्रम अधिकारी प्रेमसाय पैंकरा, निर्मल सिंह श्याम, महेंद्र कुशवाहा, शैलेंद्र जयसवाल, सुनील मिश्रा, शेषनारायण, राकेश कुमार चतुर्वेदी, संजय जायसवाल, प्रवीण ठाकुर, लव सिंह मरावी, संतोष, देवानंद, अंजना कुजूर, प्रदीप गुप्ता, विवेक गुप्ता, कुलदीप, संगीता, रविकरण सिंह, अंजली, लक्ष्मि, संजय साह, जसवंत दास एवं अन्य कर्मचारी अधिकारी सम्मिलित थे।

## एक नजर

### आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु शिविर लगने से पूर्व समन्वयक बैठक रखा गया

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।

विकास खंड दुलदुला के ग्राम पंचायत पतराटोली में सरपंच जगनारायण सिदार के अध्यक्षता में आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु शिविर लगने से पूर्व तैयारी के दृष्टि से समन्वयक बैठक रखा गया था। जिसमें पंच सरपंच, सचिव, महिला स्व सहायता समूह, आंगनबखड़ी कार्यकर्ता, मितानीन,ग्राम कोटवार सभी को बुलाया गया था। तथा सभी को सुझाव दिया कि सरकार का महत्वकांक्षी योजनाओं में एक योजना आयुष्मान कार्ड सबका बने जिसे अभियान चला कर पूर्ण करना है और जगह-जगह ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाया जा रहा है और ग्राम पंचायत पतराटोली में भी 10 जुलाई 2023 सोमवार को शिविर लगना है जिसका अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र में व्यापक रूप प्रचार-प्रसार करने के लिए सभी उपस्थिति लोगों को कहा गया है तथा सभी को यह भी कहा गया कि अपने-अपने मुहल्ला के जिनका आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है उनका नाम चिन्हित कर व्यक्तिगत रुप से सम्पर्क करके शिविर में लाने के लिए कहा गया है जिससे शत प्रतिशत सभी का आयुष्मान कार्ड बन जाएंगे। बैठक में ग्राम के सभी आपेक्षित लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यालय में मनाया गई डॉ. मुखर्जी जयंती

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गई। एवं कार्यकर्ताओं ने परिषद में वृक्षारोपण किया। शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य राम अवतार अग्रवाल ने श्याम प्रसाद मुखर्जी के जीवनकाल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला संयोजक नितिन सोनी,अमन डालमिया, अमृत लाल साहू,बसंत धीरज, नीलकंठ पटेल,किरत राम साहू, राम कुमार चन्द्रा, हेमंत सोनी विस्तार अतुल शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित में मनाया गया।

## वृहद राजस्व प्रकरण निवारण शिविर का जिला पंचायत सीईओ जितेंदर यादव ने किया अवलोकन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

तहसील कार्यालय धरमजयगढ़ प्रांगण में वृहद राजस्व निवारण शिविर आयोजित है। जिसमें राजस्व विभाग संबंधी समस्या का समाधान किया जा रहा है। शिविर में सुबह से ही अच्छी संख्या में आवेदक उपस्थित हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिगेश पटेल, तहसीलदार भोजराम डहरिया लोगों की समस्या सुन रहे हैं। वहीं जिला पंचायत सीईओ जितेंदर यादव शिविर का अवलोकन करते हुए आवेदकों से चर्चा की। शिविर में खाता विभाजन, नामांतरण, किसान किताब, दुरस्तीकरण, सीमांकन, आय, जाति, निवास सहित राजस्व संबंधी अन्य प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। सलाह एवं आवेदन हेतु अर्जिनिमिस निःशुल्क सेवा दे रहे हैं।

# किराना दुकान में हाथ साफ करने वाले तीनों आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

किराना दुकान में चोरी करने वाले तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मामले में किराना दुकान संचालक मनोज कुमार अग्रवाल नीचेपारा धरमजयगढ़ निवासी ने बताया कि उनका मनोज जनरल एंड ट्रेडर्स नाम का दुकान है। जहां 2 से 3 जुलाई 2023 के दरम्यानी रात में अज्ञात चोर द्वारा दुकान अंदर घुस कर दुकान में रखे लैपटॉप कीमत 20 हजार रूपये को चोरी कर लिये हैं। 2 जुलाई को रात्रि 8.30 बजे दरवाजा बंद कर सोनें चले गये थे। सुबह उठकर देखा तो टेबल में जो लैपटॉप रखा था वह नही हैं जिसकी खोजबीन करने पर पता नहीं चला छत का दरवाजा खुला हुआ मिला था। घटना की जानकारी थाने में दी गई। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सीसी टीवी फुटेज से संदेही सागर सारथी उर्फ चेमे निवासी तुर्रापारा धरमजयगढ़ को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर घटना करना स्वीकार करते हुए मामले में दो और साथी विजय ठाकुर तुर्रापारा धरमजयगढ़ एवं लखन सिंह तिफ रा बिलासपुर को संलिप्त बताया। जिन्हें भी गिरफ्तार किया गया। वहीं चोरी हुए लैपटॉप को सागर सारथी के घर से बरामद किया है। मामले के तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से तीनों को न्यायायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## न्यू विवेकानंद स्कूल में किया गया वृक्षारोपण

जोहार छत्तीसगढ़ - खरसिया।

न्यू विवेकानंद कान्वेंट हाई/हायर सेकंडरी स्कूल में स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया और लोगों को बढ़ते प्रदूषण एवं घटते पेड़ के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक -एक पौधे लगाकर उसको संरक्षण करने का संकल्प लिया। और समाज के लोगों को भी वृक्षारोपण करने के लिए भी प्रेरित किया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नैना गवेल ने किया विद्यालय के प्रधानाचार्य सुकदेव दंडोपाध्याय ने बच्चों के इस वृक्षारोपण की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चों के द्वारा लगाए हुए पौधों को पल्लवित करने का संकल्प लिया है। वास्तव में यह अत्यंत प्रशंसनीय एवं सराहनीय है । उन्होंने वृक्षों की रक्षा एवं उनके रख-रखाव पर जोर देते हुए कहा कि आज वृक्ष तो कई लोग लगाते हैं। इसके लिए सरकार की ओर से भी प्रयास किये जा रहें हैं किन्तु अफ़सोस यह है कि वे बिना किसी संरक्षण के अभाव में सूख जाते हैं अतः आज आवश्यकता है वृक्षों के रख रखाव की । उन्होंने बच्चों को वृक्षों के संरक्षण के लिए प्रेरित भी किया। सामाजिक कार्यकर्ता जयप्रकाश ने वृक्षारोपण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि वृक्ष और मनुष्य का अटूट रिश्ता है आजकल लोग अपने फायदे के लिए वृक्षों के महत्व को ना समझते हुए काट दे रहे हैं तो हम इस महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम सभी अग्रसर हैं । वृक्षारोपण के दौरान नीम, बरगद, करंज, पीपल, आम, अमरूद, अशोक एवं अन्य फूल फल के पौधे भी लगाए गए।

# हत्या के मामले में 3 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

बीते दिन ग्राम नरेशपुर निवासी ज्योति सतनामी ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 5 जुलाई को इसके पिता सुखलाल रनिया के घर गए थे। जहां से वापस आकर बताए कि रनिया और उसका लड़का मारपीट किए है और जान से मारकर फेंक देने की धमकी दिए है। इसके बाद यह और इसकी मॉ दोनों रनिया के घर गए और पूछे तो वह बोली कि सुखलाल बोलता है कि गलत काम करती हो और दूसरों के साथ घुमती हो कहा है इसके बाद रनिया, उसका लड़का, अनिता और सरिता के द्वारा गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे, चिल्लाने पर इसका पति और भाई वहां आए और बीच-बचाव कर घर ले गए। बाद में इसे सूचना मिला कि रनिया और उसका लड़का के द्वारा पिता सुखलाल के साथ मारपीट कर गले में लोहे का सुम्मा राड, को घुसा कर हत्या कर दिए है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 287/23 धारा 302, 294, 506, 323, 34 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक आई कल्याण ऐलिसेला ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना सूरजपुर की पुलिस ने दबिश देकर आरोपी रनिया रवि पति स्व.मानसाय उम्र 42 वर्ष, अनिता रवि पिता स्व. मानसाय उम्र 21 वर्ष व सरिता उर्फ छोटी रवि पिता स्व. मानसाय उम्र 19 वर्ष निवासी नरेशपुर, थाना सूरजपुर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब जप्त कर तीनों को गिरफ्तार किया है वहीं मामले में 1 आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई गजपति मिर्रे, एएसआई अरूण गुप्ता, प्रधान आरक्षक इसित बेहरा, महेन्द्र सिंह, राहुल गुप्ता, आरक्षक तेजीलाल साहू, महिला प्रधान आरक्षक पार्वती मिंज, महिला आरक्षक चिंता पैंकरा व चंदा भास्कर सक्रिय रहे।




# कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा

## गुणवत्ता युक्त शिक्षा की दिशा में दें विशेष जोर-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

कलेक्टर के अध्यक्षता में संयुक्त कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में गुणवत्ता युक्त शिक्षा की दिशा में बेहतर रणनीति बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में कलेक्टर द्वारा आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गये। कलेक्टर ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों और उपस्थित प्राचार्य को मेरा स्कूल मेरा प्रोजेक्ट के तहत विद्यालयों में अपने दायित्वों का बेहतर प्रदर्शन करने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने बेहतर परिणाम दर्ज करने वाले जिले जैसे कि जशपुर के शैक्षणिक व्यवस्था के लिए तीन सदस्यीय टीम बनाकर जो पर्यवेक्षण व अवलोकन का कार्य जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा था उसके समीक्षा के अनुरूप शिक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए सभी को निर्देशित किया। इन कार्य योजनाओं में एंट्रेंस एग्जाम से बच्चों का चयन, साप्ताहिक, मासिक, त्रैमासिक टेस्ट लेना और विद्यार्थियों की सतत् मॉनिटरिंग इत्यादि शामिल है। शैक्षणिक कार्य योजना के तहत् गुणवत्ता युक्त शिक्षण एवं बेहतर परिणाम की प्राप्ति के लिए शिक्षकों का उन्मुखीकरण, विद्यालय में विद्यार्थियों शत् प्रतिशत उपस्थिति एवं ठहराव सुनिश्चित करने हेतु पालकों से सम्पर्क करना, शिक्षकों के द्वारा प्रतिदिन डेली डायरी का संधारण, कमजोर एवं आवश्यकता जनित बच्चों के लिए उपचारात्मक कक्षाओं का आयोजन किया जानाए कक्षा में सहायक शिक्षण सामग्री के साथ रूचिकर अध्यापन कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया। गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए विद्यालय में शिक्षकों के द्वारा टीम बनाकर पाठ्यक्रम तैयार करना, विद्यार्थियों को लगन के साथ पढाई करने हेतु प्रोत्साहन देना, स्टूडेन्ट हेल्पलाइन स्थापित करने एवं विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों में भी स्वयं में अनुशासित रहकर अध्यापन कार्य कराना, निर्धारित समय अवधि पर पाठ्यक्रम सार्थक रूप से पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। प्राचार्यों को प्रतिदिन डेली डायरी का अवलोकन एवं कक्षा में जाकर आकस्मिक निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। प्री बोर्ड परीक्षा लेकर कॉपियों का मूल्यांकन अंतर विद्यालयीन स्तर पर किया जाना एवं कमजोर बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था साथ ही विद्यार्थियों में ग्रुप डिस्कशन कराने का निर्देश दिया गया। विद्यालय परिसर को साफ सुधरा रखने एवं जाति प्रमाण, निवास प्रमाण पत्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक परियोजना

अधिकारी आरएमएसए जिले के सभी विकासखंड के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी के प्राचार्य उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in